दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471
अमन लेखनी





अनूठी भौगोलिक स्थिति वाले विश्व के ये खूबसूरत शहर

सांउड दो

वर्ष : 12 | अंक : 263 | लखनऊ, 19 सितम्बर, शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### गांधी प्रतिमा से गूंजा स्वच्छता का संकल्प



लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर निगम लखनऊ ने गुरुवार को शहर के सभी आठों जोन के 110 वार्डों में वृहद सफाई अभियान शुरू किया। अभियान का शुभारंभ हजरतगंज चौराहे स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा से वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की।

### मिल गई 161 एकड़ भूमि कैमूर में एयरपोर्ट बनेगा



कैमूर। बिहार के कैमूर जिले में एयरपोर्ट निर्माण की प्रक्रिया तेज हो गई है। जिला प्रशासन ने हवाई अड्डा बनाने जमीन भी देख ली है। रामपुर प्रखंड में भारतमाला परियोजना के तहत बनाए जा रहे वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे के पास करीब 161 एकड़ भूमि को चिह्नित किया है। प्रशासन ने इसका प्रस्ताव सरकार को भेज दिया है।

### पहली बार सरकार ने की पारंपरिक कारीगरों की चिंता की

# यूपी में कारीगरी व हस्तशिल्प से तीन करोड़ से अधिक लोगों को मिला रोजगार

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो देश शिल्पकारों व कारीगरों को सम्मान देता है, वही आगे बढ़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का प्लेटफॉर्म देकर शिल्प को आधुनिक तकनीक और नए बाजार से जोड़ा है...*

**अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अलग-अलग कारीगरी और हस्तशिल्प से तीन करोड़ से अधिक लोग रोजगार प्राप्त कर रहे हैं और स्वावलंबन का जीवन जी रहे हैं।

वर्ष 2017 में सरकार बनने के बाद प्रदेश सरकार ने परंपरागत कारीगरों और हस्तशिल्पियों को आगे बढ़ाने के लिए काम शुरू किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पारंपरिक कारीगरी को आधुनिक तकनीक और नए बाजार से जोड़ने के साथ उत्पादों की पैकेजिंग और डिजाइनिंग पर भी ध्यान दिया। इससे कारीगरों और हस्तशिल्पियों के लिए आगे बढ़ने का रास्ता खुला है। मुख्यमंत्री योगी बुधवार को भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर गोरखपुर के श्री विश्वकर्मा पंचायत मंदिर में आयोजित विश्वकर्मा पूजनोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का दिन अत्यंत पवित्र है। एक ओर सृष्टि के शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती है तो दूसरी ओर नए भारत के शिल्पी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। मुख्यमंत्री योगी ने बाबा गोरखनाथ की धरती से प्रधानमंत्री मोदी को उत्तर प्रदेशवासियों की ओर से जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नए भारत और विकसित भारत की संकल्पना को उनके नेतृत्व में 140 करोड़ भारतवासी साकार होते हुए देखेंगे। उन्होंने बाबा गोरखनाथ और भगवान विश्वकर्मा से प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना की।

**हुनर को आधुनिक तकनीक और नए बाजार से जोड़ने का काम किया**




**कारीगरों का सम्मान करने वाला देश बढ़ता है आगे**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत की परंपरा में भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि के शिल्पी के देवता के रूप में पूजा जाता है। विशिष्ट कला, कारीगरी और हस्तशिल्प से जुड़े लोग विश्वकर्मा जयंती पर सृष्टि के शिल्पी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि जो देश अपने हस्तशिल्पियों और कारीगरों का सम्मान करता है, वह आगे बढ़ता है।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नए भारत में कारीगरों और हस्तशिल्पियों को 'पीएम विश्वकर्मा' के रूप में एक मंच उपलब्ध कराया है। राजमिस्त्री, बढ़ई, हलवाई, सुनार सहित विभिन्न परंपरागत व्यवसायों से जुड़े कारीगर समाज के स्वावलंबन का आधार रहे हैं।

### आजादी के बाद होती रही कारीगरों की उपेक्षा

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आजादी के बाद परंपरागत कारीगरों और हस्तशिल्पियों की निरंतर उपेक्षा हुई। पहली बार सरकार ने उनकी बात सुनी, उनकी जरूरतों को समझा और उनकी चिंता की। उन्हें टूलकिट उपलब्ध कराने के साथ प्रशिक्षण और बैंक से सस्ता ऋण दिलाने की व्यवस्था की गई। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार ने कारीगरों को आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2017 में सरकार बनने के बाद इस दिशा में काम शुरू किया गया। आज प्रदेश में तीन करोड़ से अधिक लोग अलग-अलग कारीगरी और हस्तशिल्प के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर रहे हैं और स्वावलंबन का जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

## मुख्य संपादकीय

# संकल्प से सिद्धि तक–भारत के नए आत्मविश्वास का नाम नरेंद्र मोदी

## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर देशभर में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का संदेश

**हिंदी दैनिक 'अमन लेखनी' लखनऊ**



डॉ0 राजकुमार सिंह चौहान

17 सितंबर केवल प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस नहीं, बल्कि उनके समर्थकों और कार्यकताओं के लिए सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराने का अवसर भी बन गया। देशभर में इस अवसर पर विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री ने स्वयं जन्मदिवस पर मिले स्नेह और शुभकामनाओं के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त करते हुए विकसित भारत के निर्माण के लिए मिलकर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

### बदला भारत का आत्मविश्वास

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले वर्षों में भारत की विकास यात्रा, वैश्विक कूटनीति, आधारभूत ढांचे, तकनीक और आत्मनिर्भरता जैसे विषय राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में रहे हैं। प्रधानमंत्री के आधिकारिक प्रोफाइल के अनुसार वे जून 2024 में तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने। आज विश्व मंच पर भारत की भूमिका को लेकर जिस व्यापक चर्चा का वातावरण दिखाई देता है, वह देश के बढ़ते वैश्विक संपर्क और सक्रिय कूटनीतिक भागीदारी का परिणाम भी है। 17 सितंबर 2026 को प्रधानमंत्री को विभिन्न देशों के नेताओं से जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्राप्त हुईं और उन्होंने उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

### नेतृत्व के साथ मजबूत सहयोगी शक्ति



किसी भी सरकार की बड़ी नीतियां केवल एक व्यक्ति के प्रयास से लागू नहीं होतीं। उसके पीछे पूरी मंत्रिपरिषद, प्रशासन और करोड़ों नागरिकों की सहभागिता होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह महत्वपूर्ण दायित्व संभाल रहे हैं।

राजनाथ सिंह का दायित्व देश की रक्षा और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों से है, जबकि अमित शाह गृह मंत्रालय के माध्यम से आंतरिक सुरक्षा तथा सहकारिता मंत्रालय के माध्यम से सहकारिता क्षेत्र से जुड़े दायित्व निभा रहे हैं।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व और इन वरिष्ठ मंत्रियों सहित पूरी टीम की जिम्मेदारी का वास्तविक मूल्यांकन इसी कसौटी पर होना चाहिए कि नीतियों और योजनाओं का लाभ देश के अंतिम व्यक्ति तक कितना पहुंचता है।

### जन्मदिवस का संदेश—उत्सव से आगे सेवा

नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा कार्यक्रमों का महत्व इसलिए बढ़ जाता है कि प्रधानमंत्री ने स्वयं भी इस अवसर को सेवा और विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने का संदेश दिया। उन्होंने देशवासियों के स्नेह को अपनी ऊर्जा बताते हुए विकसित भारत के निर्माण में सामूहिक प्रयास जारी रखने की बात कही। भारत की शक्ति केवल सत्ता के गलियारों में नहीं, बल्कि गांवों, खेतों, कारखानों, सीमाओं, प्रयोगशालाओं, विश्वविद्यालयों और देश के करोड़ों मेहनतकश नागरिकों में बसती है। इसलिए विकसित भारत का सपना तभी सार्थक होगा, जब विकास की रोशनी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे।

### असली कसौटी अभी बाकी है

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कई क्षेत्रों में अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं और लक्ष्यों को आगे बढ़ाया है। लेकिन किसी भी सरकार के लिए उपलब्धियां अंतिम पड़ाव नहीं होतीं। रोजगार, महंगाई, ग्रामीण विकास, किसानों की आय, युवाओं के अवसर, सामाजिक समरसता, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे विषय निरंतर ध्यान मांगते हैं।

यही लोकतंत्र की खूबसूरती है—जनता नेतृत्व को सम्मान भी देती है और उससे अपेक्षाएं भी रखती है। सरकार की उपलब्धियों के साथ उसकी नीतियों और उनके परिणामों पर निरंतर सार्वजनिक विमर्श लोकतंत्र को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर देशभर में गूंजा सेवा, संकल्प और विकसित भारत का संदेश इसी व्यापक राष्ट्रीय यात्रा की याद दिलाता है। आज आवश्यकता केवल शुभकामनाएं देने की नहीं, बल्कि उस भारत के निर्माण में अपनी भूमिका तय करने की है जो आत्मविश्वासी हो, सुरक्षित हो, समृद्ध हो और विश्व मंच पर अपने हितों के साथ मजबूती से खड़ा हो।

नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर यही संकल्प—राष्ट्र प्रथम, जनसेवा सर्वोपरि और विकसित भारत हमारा साझा लक्ष्य।

(लेखक हिंदी दैनिक अमन लेखनी के प्रधान संपादक हैं)

### भारत-पाक युद्धपोत की टक्कर पर विदेश मंत्रालय की दो टूक

# पाकिस्तानी जहाज का रवैया गैर-पेशेवर सभी आरोपों को भारत ने किया खारिज

इस्लामाबाद का आरोप कि यह घटना पाकिस्तान के विशेष आर्थिक क्षेत्र में भारतीय जहाज की 'बेहद उकसावे वाली और अस्वीकार्य कार्रवाई' के बाद हुई थी

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह कदम अप्रैल 1991 के भारत-पाकिस्तान द्विपक्षीय समझौते के अनुच्छेद 10 का गंभीर उल्लंघन है। यह समझौता सैन्य अभ्यासों और सैनिकों की गतिविधियों की पहले से सूचना देने से संबंधित है, जिसके तहत दोनों देशों के नौसैनिक जहाजों को समुद्र में एक-दूसरे से कम से कम तीन समुद्री मील (नॉटिकल माइल्स) की दूरी बनाए रखना अनिवार्य है

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पश्चिमी अरब सागर में भारतीय युद्धपोत आईएनएस कोलकाता और पाकिस्तानी नौसैनिक जहाज पीएनएस हुनैन के बीच हुई टक्कर तथा लाल सागर के सुरक्षा हालात पर भारत का रुख स्पष्ट किया है। उन्होंने इस घटना पर पाकिस्तान के जवाब और आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए इसे उनकी पुरानी टालमटोल की नीति बताया। रणधीर जायसवाल ने बताया कि आईएनएस कोलकाता पश्चिमी अरब सागर में एक सामान्य गश्त पर तैनात था। इसी दौरान पाकिस्तानी नौसेना के जहाज पीएनएस हुनैन ने समुद्र में बेहद गैर-जिम्मेदाराना और गैर-पेशेवर व्यवहार दिखाया। पाकिस्तानी जहाज ने खतरनाक तरीके से आगे निकलने की कोशिश की, जिसकी वजह से दोनों जहाजों के बीच टक्कर हो गई। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया था कि यह घटना पाकिस्तान के विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में भारतीय जहाज की 'बेहद उकसावे वाली और अस्वीकार्य कार्रवाई' के बाद हुई।



रणधीर जायसवाल

- **पाक पोत पीएनएस हुसैन ने गलत तरीके से आगे निकलने की कोशिश**
- **समुद्र में टक्कर रोकने से जुड़े अंतरराष्ट्रीय नियमों की भी धज्जियां उड़ाई**
- **आईएनएस कोलकाता को कोई बड़ा नुकसान नहीं वह समुद्र में तैनात**




एआई इमेज

### सऊदी अरब पर हुए हमलों की निंदा की

इसके साथ ही विदेश मंत्रालय ने लाल सागर क्षेत्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। प्रवक्ता ने सऊदी अरब के संप्रभु क्षेत्र, वहां के आम नागरिकों और आर्थिक संपत्तियों पर हुए हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने पवित्र शहर मक्का पर हमले की कोशिश के बाद भारत की तरफ से जारी बयान का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ऐसे हमले क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को नुकसान पहुंचाते हैं और बाब अल-मंदेब जल मार्ग से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही को खतरे में डालते हैं। उन्होंने इसे पूरी तरह अस्वीकार्य बताते हुए क्षेत्र में जल्द शांति और स्थिरता लौटने की उम्मीद जताई।

### भारत की चेतावनी-दोबारा ऐसी घटना न हो

प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान ने उम्मीद के मुताबिक वही पुराना टालमटोल वाला रवैया अपनाया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी पक्ष को एक बार फिर 'सलाह' दी गई है कि उसकी सभी सैन्य इकाइयां (पोत आदि) सावधानी बरतें और ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए दोनों पक्षों के बीच संबंधित समझौतों के प्रावधानों का सम्मान करें। पाकिस्तान को फिर से हिदायत दी गई है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए उसकी सभी सैन्य इकाइयां पूरी सावधानी बरतें और समझौतों का सम्मान करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस टक्कर से आईएनएस कोलकाता को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है और वह समुद्र में अपनी तैनाती पर मुस्तैद है।

### पाक जहाज का व्यवहार अस्वीकार्य

जायसवाल ने कहा कि हमारे जताए गए विरोध पर हमने पाकिस्तान की प्रतिक्रिया देखी है। यह वही टालमटोल वाला रवैया है जिसकी हमें उम्मीद थी। हम उसमें शामिल आरोपों और आक्षेपों को खारिज करते हैं। बता दें, भारत ने बुधवार को पाकिस्तान के दूतावास प्रभारी को तलब किया था और पाकिस्तानी नौसेना के जहाज के 'अस्वीकार्य व्यवहार' पर कड़ा विरोध दर्ज कराया, जिसके कारण यह टक्कर हुई। यह घटना मंगलवार रात को हुई जब पाकिस्तानी जहाज उत्तरी अरब सागर में नियमित निगरानी मिशन पर तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोत के करीब आ गया।

### यह कदम द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन

रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह कदम अप्रैल 1991 के भारत-पाकिस्तान द्विपक्षीय समझौते के अनुच्छेद 10 का गंभीर उल्लंघन है। यह समझौता सैन्य अभ्यासों और सैनिकों की गतिविधियों की पहले से सूचना देने से संबंधित है, जिसके तहत दोनों देशों के नौसैनिक जहाजों को समुद्र में एक-दूसरे से कम से कम तीन समुद्री मील (नॉटिकल माइल्स) की दूरी बनाए रखना अनिवार्य है। इसके अलावा पाकिस्तानी जहाज ने समुद्र में टक्कर रोकने से जुड़े अंतरराष्ट्रीय नियमों की भी धज्जियां उड़ाईं। भारत ने इस घटना को लेकर आधिकारिक विरोध दर्ज कराया था।

### पंजाब के हर कोने तक पहुंचे नशारोधी मुहिम

**अमन लेखनी समाचार**

पठानकोट। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष नितिन नवीन ने शुक्रवार को कहा कि पंजाब को नशे के अभिशाप से मुक्त करना होगा और नशा विरोधी अभियान को राज्य के हर कोने तक पहुंचाया जाना चाहिए। पठानकोट में भाजपा अध्यक्ष ने एकता स्थल से राज्यव्यापी नशा विरोधी चार यात्राओं में से पहली यात्रा को रवाना किया। दूसरी यात्रा 19 सितंबर को फतेहगढ़ साहिब से शुरू होगी, जबकि तीसरी यात्रा 20 सितंबर को फाजिल्का और चौथी यात्रा 21 सितंबर को बठिंडा के तलवंडी साबो से शुरू होगी। भाजपा सूत्रों ने बताया कि 13 दिन चलने वाली ये चारों यात्राएं पंजाब के सभी 117 विधानसभा क्षेत्रों में करीब 4,000 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी और खासकर युवाओं में नशे के खतरे के खिलाफ जागरूकता फैलाएंगी। चारों यात्राओं के समापन के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 30 सितंबर को जालंधर में एक रैली को संबोधित करेंगे। एक जनसभा को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा, मैं पटना से एक संदेश लेकर आया हूं-हमें इस नशा विरोधी अभियान को राज्य के हर कोने तक पहुंचाना है। हमें पंजाब को नशा मुक्त बनाना है। आज हम एक ऐसे दुश्मन का सामना कर रहे हैं, जो चुपचाप हमारे गांवों और घरों में प्रवेश करता है और धीरे-धीरे पूरे परिवार को अपनी चपेट में ले लेता है। यह दुश्मन नशा है और हमें इस अभिशाप को खत्म करना होगा। मैं यहां केवल यात्रा को रवाना करने नहीं आया हूं, बल्कि इस संकल्प के साथ नशे के खिलाफ लड़ाई शुरू करने आया हूं कि हम इस समस्या को जड़ से खत्म करेंगे।

# एचएएल ने 2 तेजस ट्रेनर विमान वायुसेना को सौंपे, राजनाथ सिंह ने की पूजा

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

इंडियन एयरफोर्स को शुक्रवार को 2 तेजस ट्रेनर विमान और एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमान सौंपा गया। इन विमानों को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने तैयार किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू और वायुसेना अध्यक्ष एपी सिंह बेंगलुरु में शुक्रवार को विमानों के हैंडओवर प्रोग्राम में शामिल हुए। रक्षा मंत्री ने विमानों की पूजा की। कार्यक्रम में एचएएल ने चार नए ध्रुव हेलिकॉप्टर पवन हंस लिमिटेड को सौंपे। राजनाथ हेलिकॉप्टर के कॉकपिट में भी बैठे। इसके अलावा एचएएल ने 2 तेजस ट्रेनर विमान भी एयरफोर्स को सौंपे हैं।

- **एयरफोर्स के पायलट अब स्वदेशी विमान से लेंगे प्रशिक्षण**

### इसका 57% सामान भारत में ही बनाया गया तेजस लेजर गाइडेड मिसाइल दागने में सक्षम




राजनाथ सिंह और वायुसेना अध्यक्ष एपी सिंह

### 70 विमानों का किया गया है अनुबंध



एचएएल ने भारतीय वायुसेना को एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमान भी सौंपा। इसे 'अंकुर' नाम दिया गया। यह भारतीय रक्षा सेवाओं की शुरुआती पायलट ट्रेनिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने 70 एचटीटी-40 विमानों का कॉन्ट्रैक्ट दिया है। समझौते के मुताबिक डिलीवरी सितंबर 2025 से शुरू होनी थी। हालांकि इसमें करीब एक साल की देरी हुई। टर्बोप्रॉप इंजन से लैस इस विमान में सबसे आधुनिक डिजिटल कॉकपिट और 'जीरो-जीरो' इजेक्शन सीट लगी है, जो किसी भी आपातकालीन स्थिति में पायलट को सुरक्षित बाहर निकाल सकती है।

### चार एलसीए तेजस ट्रेनर की डिलीवरी पूरी



एचएएल ने भारतीय वायुसेना को दो एलसीए एफओसी (फाइनल ऑपरेशनल क्लीयरेंस) ट्रेनर विमान सौंप दिए। इससे एफओसी कॉन्ट्रैक्ट के तहत चार ट्विन-सीटर विमानों की डिलीवरी पूरी हो गई। इन विमानों में बेहतर रडार, ऑटोपायलट, फ्यूल सिस्टम, सुरक्षित कम्युनिकेशन के लिए सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो और एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग प्रोब जैसी यह सिर्फ एक ट्रेनिंग विमान नहीं है। दो सीटों वाले इस फाइटर जेट में आगे ट्रेनी पायलट और पीछे की सीट पर विंग कमांडर रैंक का ट्रेनर बैठता है।

### चार ध्रुव एनजी हेलिकॉप्टर मिले



एचएएल ने पवन हंस कंपनी को चार ध्रुव एनजी हेलिकॉप्टर सौंपे। यह पहली बार है जब सिविल सर्टिफाइड ध्रुव एनजी को सिविल एविएशन क्षेत्र में शामिल किया गया। एचएएल द्वारा डिजाइन और निर्मित 5.5 टन का हल्का ट्विन-इंजन मल्टी-रोल हेलिकॉप्टर है। फ्रांस के सहयोग से बने शक्तिशाली 'शक्ति' इंजन से लैस यह हेलिकॉप्टर 20 हजार फीट की ऊंचाई और बर्फीले तथा तपते रेतीले तूफानों में भी आसानी से उड़ान भर सकता है। यह समंदर के बीचों-बीच ओएनजीसी के रिग्स पर काम करने वाले क्रू को ला सकता है।

### कांग्रेस का दावा, नंदीग्राम के उसके उम्मीदवार को गिरफ्तार किया गया

कोलकाता। नंदीग्राम विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार मिलन प्रधान को 2007 के भूमि अधिग्रहण विरोधी आंदोलन में कथित संलिप्तता के मामले में शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने यह दावा किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी के एक और नेता सुभाशीष भट्टाचार्य को भी प्रधान को गिरफ्तार करने से पुलिस को कथित तौर पर रोकने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। कांग्रेस नेता ने कहा कि नंदीग्राम भूमि आंदोलन से जुड़े 12 से अधिक मामलों में नामजद प्रधान को पूर्व मेदिनीपुर जिले के चांदीपुर स्थित एक होटल से हिरासत में लिया गया।

## बेटी के जन्म पर गुब्बारों से सजे वाहनों के काफिले के साथ हुआ स्वागत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल इलाके के विशुनपुर गांव में बेटी के जन्म पर एक परिवार ने अनोखे अंदाज में खुशी मनाई। दुर्गेश त्रिपाठी अपनी नवजात बेटी को अस्पताल से घर लाने के लिए कई गाड़ियों के काफिले के साथ पहुंचे। काफिले में शामिल वाहनों को रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया था, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। नवजात के घर पहुंचते ही परिजनों और रिश्तेदारों ने उत्साह के साथ उसका स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच परिवार में खुशियां मनाई गईं। इस दौरान मिठाइयां बांटकर लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। दुर्गेश त्रिपाठी ने कहा कि बेटी परिवार के लिए खुशियों और सौभाग्य का प्रतीक है। उसके जन्म को लेकर परिवार में पहले से ही उत्साह था। इसी खुशी को यादगार बनाने के लिए बेटी के स्वागत में भव्य आयोजन किया गया। बेटी के स्वागत के लिए निकला गुब्बारों से सजे वाहनों का काफिला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। लोगों ने परिवार के इस अनोखे पहल की सराहना की।

# घर में अकेली रह रही बुजुर्ग महिला की चाकू से गला रेत कर हत्या

## चारपाई पर अस्त व्यस्त व लहूलुहान हालत में मृत पड़ी थीं महिला

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में गुरुवार रात घर में अकेली रह रही बुजुर्ग महिला की चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी गई।शुक्रवार सुबह दूध देने पहुंची गांव की महिला ने गेट पर कई बार आवाज दी, लेकिन गेट नहीं खुला और ना ही कोई जवाब मिला। तब उसने दूसरे गेट से झांक कर देखा तो बुजुर्ग महिला घर के अंदर बरामदे में चारपाई पर मृत अवस्था में पड़ी मिली। उसके पैर पर दूर से ही चोट और खून बहता नजर आ रहा था। इसके बाद घटना की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो वहाँ भारी भीड़ लग गई। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा के खुर्रमपुर गांव निवासी छेदाना(70)के पति शंकर लाल गौतम खेती किसानी करते थे। उनकी करीब 7 वर्ष पहले मौत हो चुकी है। छेदाना की दो विवाहित बेटी राम जानकी और अर्चना हैं। राम जानकी बालागंज और अर्चना ठाकुरगंज स्थित अपनी ससुराल में रहती हैं। जबकि छेदाना यहां अकेली रहती थी। छेदना गुरुवार रात करीब 9:30 बजे तक घर के बाहर लोगों को नजर आई। शुक्रवार सुबह करीब 7:30 बजे छेदाना के घर दूध देने पहुंची पड़ोसी महिला आशा ने कई बार आवाज लगाई, लेकिन न तो छेदाना के घर का गेट खुला और ना ही अन्दर से कोई जवाब मिला। आशा ने दूसरे गेट से झांककर देखा तो छेदाना बरामदे में चारपाई पर अस्त व्यस्त व लहूलुहान हालत में मृत पड़ी थीं। उनके दाहिने पैर पर गंभीर घाव और उससे खून बहता दिख रहा था। इसके बाद आशा ने ग्रामीणों को बताया तो भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे और जाँच पड़ताल शुरू की। मृतका का गला धारदार हथियार से रेता होने के साथ दोनों गालों के किनारे, दाहिने पैर में गांठ के नीचे और दाहिने हाथ की हथेली पर भी चाकू के निशान मिले। उसके कपड़े अस्त-व्यस्त थे। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मृतका ने घटना के दौरान काफी संघर्ष किया होगा। वहीं फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। जहाँ जांच के दौरान शव से करीब पांच फीट दूर जमीन पर सब्जी काटने वाला एक चाकू पड़ा मिला। जबकि दूसरी चाकू चारपाई पर तकिये के नीचे रखी मिली। दोनों चाकुओं को फॉरेंसिक टीम ने अपने कब्जे में ले लिया। साथ ही फॉरेंसिक टीम ने कई अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। उधर बाद में घटना की सूचना पाकर पहुंचे एसीपी कृष्णानगर अभिषेक कुमार पांडे, एडीसीपी दक्षिणी रल्लापल्ली वसंथ कुमार और डीसीपी दक्षिणी मोहम्मद मुश्ताक ने भी मौके का निरीक्षण किया। साथ ही डॉग स्क्वायड टीम भी बुलाई गई। डॉग स्क्वायड का खोजी कुत्ता घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर पूरब दिशा में कच्चे रास्ते से होते हुए एक बाग तक पहुंचा और वहीं रुक गया। वहीं मृतका की बड़ी बेटी राम जानकी ने बताया कि उनकी मां गले में सोने की चेन, कानों में झुमकी और पैरों में पायल पहनती थीं, लेकिन घटना के बाद ये आभूषण दिखाई नहीं दिए। उधर मृतका के दो देवर हैं। जिसमें अमृतलाल आरटीओ विभाग से प्रवर्तन सिपाही पद से रिटायर्ड होने के बाद आशियाना में परिवार सहित रहते हैं। जबकि नंदकिशोर जौनपुर में डिप्टी जेलर पद पर हैं और उनका परिवार पारा थाना क्षेत्र में सरोसा के पास रहता है। फिलहाल मृतका के देवर अमृतलाल की तहरीर पर बंथरा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस प्रॉपर्टी सहित कई अन्य बिंदुओं को लेकर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी दक्षिणी मोहम्मद मुश्ताक ने बताया कि घर का सामान व्यवस्थित मिला है। छत के रास्ते घर में प्रवेश कर वारदात किए जाने की आशंका है। फॉरेंसिक टीम ने महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। घटना के खुलासे के लिए चार टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही इसका खुलासा कर दिया जाएगा।

## कानपुर रोड पर अलग-अलग सड़क हादसों में कारीगर और डीसीएम चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में कानपुर रोड पर अलग-अलग सड़क हादसों में कारीगर और डीसीएम चालक की मौत हो गई। पहली घटना गुरुवार देर रात नादरगंज ओवरब्रिज के पास हुई। यहां सरोजनीनगर के आजाद नगर निवासी खरादी कारीगर हकीम चंद (50 गुरुवार रात करीब 11:30 बजे चिल्लावां मार्केट से पैदल घर लौट रहे थे। तभी कानपुर से लखनऊ आने वाली पटरी पर ओवरब्रिज उतार के पास सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाद में कई तेज रफ्तार वाहन उन्हें रौंदते हुए निकल गए राहगीरों ने सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर सीसीटीवी फुटेज से टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है। हकीम चंद के परिवार में पत्नी, तीन बेटियां और एक बेटा है। वहीं दूसरा हादसा शुक्रवार तड़के करीब चार बजे सरोजनीनगर में कानपुर रोडस्थित हाइडिल के पास हुआ। यहाँ बंथरा के धावापुर निवासी डीसीएम चालक राजा चौरसिया (35)सुबह करीब 4 बजे अपनी डीसीएम लेकर सोहरामऊ से बाराबंकी डिलीवरी के लिए जा रहे थे। तभी हाइडिल के पास सड़क के दाहिने हिस्से में खड़े खराब डंपर को बचाने के चक्कर में डीसीएम अनियंत्रित होकर डंपर से टकरा गई। जिस राजा गंभीर रूप से घायल हो गये गंभीर हालत में राजा को पुलिस सीएचसी सरोजनीनगर ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## नशे में धुत तीन लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर लाठी-डंडों पीटा, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बुधवार रात नशे में धुत तीन लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से उसकी पिटाई कर दी। इस मामले में सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा निवासी पीड़ित अमरेंद्र ने यहीं के सुजीत, कुलदीप और राजकुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमरेंद्र के मुताबिक 16 सितंबर की रात करीब 9:30 बजे उसका भाई विरेन्द्र काम खत्म कर घर लौट रहा था। तभी रास्ते में सुजीत कुमार व कुलदीप पुत्र राजकुमार और राजकुमार पुत्र रामभरोसे उससे नशे की हालत में गाली गलौज करने लगे। विरेन्द्र ने विरोध किया तो तीनों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से उसकी पिटाई कर दी। इस मारपीट में विरेन्द्र के मुंह और सिर पर चोट लगने से वह घायल हो गया। आरोप है कि बाद में सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# बिजली की बदहाली पर किसानों का हल्ला बोल

## समेसी पावर हाउस घेरा, आठ घंटे गरजा धरना; कटौती, जर्जर तार और अव्यवस्थाओं पर विभाग को घेरा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। बिजली व्यवस्था की बदहाली को लेकर शुक्रवार को किसानों का आक्रोश फूट पड़ा भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के सैकड़ों किसानों ने समेसी बिजली उपकेंद्र पहुंचकर पावर हाउस का घेराव कर दिया अघोषित बिजली कटौती, जर्जर विद्युत तारों, खराब मीटर रीडिंग और नए कनेक्शन के नाम पर कथित वसूली के विरोध में किसानों ने करीब आठ घंटे तक धरना देकर विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाकियू तहसील अध्यक्ष रामानंद रावत के नेतृत्व में किसान सुबह से ही समेसी पावर हाउस पर जुटने लगे किसानों का कहना था कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की स्थिति लगातार खराब होती जा रही गांवों में घंटों बिजली गुल रहती जिससे ग्रामीणों के साथ-साथ किसानों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा।



### कटौती से परेशान ग्रामीण खेती पर पड़ रहा असर

किसानों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण क्षेत्र में अघोषित कटौती आम हो गई अनुरक्षण कार्य के नाम पर लंबे समय तक बिजली बंद कर दी जाती लेकिन समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा बिजली के अभाव में नलकूप संचालन प्रभावित होने से खेती का काम भी प्रभावित हो रहा है।

### जर्जर तारों से मंडरा रहा हादसे का खतरा

धरने में किसानों ने जर्जर विद्युत तारों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया किसानों का कहना था कि कई स्थानों पर पुराने तार कभी भी टूटकर बड़े हादसे का कारण बन सकते शिकायतों के बाद भी विभाग ने इस ओर गंभीरता नहीं दिखाई।

### मीटर गड़बड़ी और बढ़े बिलों पर भी जताई नाराजगी

किसानों ने स्मार्ट मीटर की रीडिंग में गड़बड़ी और मनमाने बिजली बिलों को लेकर भी नाराजगी जताई उनका आरोप था कि मीटरों की सही जांच नहीं होने से उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा वहीं नए बिजली कनेक्शन के नाम पर निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली की शिकायत भी अधिकारियों के सामने रखी गई।

### लिखित आश्वासन के बाद खत्म हुआ धरना

किसानों के प्रदर्शन की सूचना पर लेसा के सहायक अभियंता (वितरण) विनय कुमार मौके पर पहुंचे। किसानों ने उन्हें समस्याओं से संबंधित मांगपत्र सौंपा अधिकारियों ने जर्जर तारों को जल्द बदलने मीटरों की जांच कराने, गलत बिलों को दुरुस्त करने और शिकायतों की जांच कर कार्रवाई का लिखित आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद किसानों ने धरना समाप्त किया।

### समाधान नहीं हुआ तो फिर आंदोलन की चेतावनी

किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वह दोबारा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# गर्लफ्रेंड को वीडियो कॉल करके कार चालक ने जहर,खाकर कनपटी पर पिस्टल से मारी गोली

**गांव से करीब 1 किलोमीटर दूर जंगल में अचेत अवस्था में पड़ा मिला था कार चालक**

अमन लेखनी समाचार





सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक प्राइवेट कार चालक युवक संदिग्ध हालत में गांव से करीब 1 किलोमीटर दूर जंगल में अचेत अवस्था में पड़ा मिला। उसके मुंह से झाग निकलने के अलावा बाएं तरफ कनपटी में गोली लगने के साथ खून का रिसाव हो रहा था। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने आनन- फानन उसे लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस के मुताबिक बिजनौर थाना क्षेत्र के रायसिंह खेड़ा निवासी स्व. रामकिशोर का बेटा करन यादव (25) वृंदावन कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति की प्राइवेट कार चलाता था। करन शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे घर से ड्यूटी जाने की बात कह कर बाइक से निकला। दोपहर करीब 1 बजे गांव से करीब 1 किलोमीटर दूर जालिम खेड़ा गांव के पास जंगल में अचेत हालात में पड़ा मिला। उसकी बाइक सड़क के किनारे खड़ी थी। जबकि वह रोड से 100 मीटर दूर अंदर जंगल में पड़ा था। उसके मुंह से झाग निकलने के साथ बाएं तरफ कनपटी पर गोली का निशान और उससे खून निकल रहा था। पास में ही एक पिस्टल पड़ी थी। साथ ही कोल्ड ड्रिंक की एक खली बोतल, एक पानी की खाली बोतल, एक डिस्पोजल गिलास, दवा की दो छोटी खुली सीसी पड़ी थी।उधर से गुजर रहे राहगीरों ने उसे अचेत पड़ा देख इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसे आनन फानन लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। लेकिन वहां पहुंचते ही उसे चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। करन के परिवार में मां केशाना के अलावा बड़ा भाई रंजीत और सोनू है।उधर बाद में घटनास्थल पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने मामले की जांच पड़ताल कर साक्ष्य से जुटाए। पुलिस का कहना है कि घटना स्थल के पास जो पिस्टल पड़ी मिली उसकी जांच करने पर अवैध मिली। साथ ही जांच करने पर पता चला कि मृतक का किसी युवती से प्रेम संबंध था और वह उसे वीडियो कॉल करके बात कर रहा था। तभी वीडियो कॉल के दौरान उसने जहर खा लिया और कनपटी पर पिस्टल से गोली मार कर आत्महत्या कर ली।

# मुंबई से दबोचा 50 हजार का इनामी

**थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में निगोहां पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार




निगोहां। थाना निगोहां पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 50 हजार रुपये के इनामी और रियल एस्टेट के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी के आरोपी राहुल श्रीवास्तव को महाराष्ट्र के ठाणे से गिरफ्तार कर लिया यह कार्रवाई थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में निगोहां पुलिस और एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम ने की। पुलिस के अनुसार आरोपी लोगों को प्लॉट दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये वसूलता था कई मामलों में रजिस्ट्री कराने के बाद भी न तो कब्जा दिया और न ही रकम लौटाई आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने मोबाइल और सिम बदलता रहा। थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने सटीक सूचना पर ठाणे (मुंबई) में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ लाकर उसे न्यायालय में पेश किया गया आरोपी के खिलाफ लखनऊ के विभिन्न थानों में 30 से अधिक धोखाधड़ी के मुकदमे दर्ज पुलिस ने उसके कब्जे से दो आईफोन, आधार व पैन कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस तथा नकदी बरामद की। खास बातः लंबे समय से फरार चल रहे इनामी आरोपी की गिरफ्तारी को निगोहां पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार की सक्रिय रणनीति और एसटीएफ के साथ बेहतर समन्वय की अहम भूमिका रही।

# बंदरों की उछलकूद से टूटा पत्थर छात्रा पर गिरा, घायल

अमन लेखनी समाचार



घायल छवि यादव – फोटो

लखनऊ। रहीमाबाद इलाके में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन बंदरों के झुंड घरों में घुसकर लोगों पर हमला कर रहे हैं। शुक्रवार सुबह बंदरों के झुंड से बचने के लिए बाथरूम में छिपी कक्षा नौ की छात्रा के ऊपर छत का पत्थर टूटकर गिर गया। हादसे में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। रहीमाबाद के तरौना निवासी हरिनाम यादव के मुताबिक, शुक्रवार सुबह करीब 8:30 बजे बंदरों का एक झुंड उनके घर में घुस आया। उस समय परिवार के लोग आंगन में बैठे थे। बंदरों को देखकर सभी इधर-उधर भागने लगे। हरिनाम की 15 वर्षीय बेटी छवि यादव डरकर पास बने बाथरूम में चली गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। परिजनों के मुताबिक, बंदर बाथरूम की छत पर उछल कूद करने लगे इसी दौरान छत का पत्थर टूटकर अंदर गिर गया और छवि के सिर पर जा लगा। चोट लगने से उसके सिर से खून बहने लगा। बेटी की चीख सुनकर पिता हरिनाम डंडा लेकर पहुंचे और बंदरों के झुंड को वहां से भगाया। इसके बाद परिजन घायल छात्रा को अस्पताल लेकर पहुंचे। हरिनाम ने बताया कि छवि गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर मुंशी खेड़ा स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बंदरों का आतंक लंबे समय से बना हुआ है। बंदर आए दिन घरों में घुसकर लोगों पर हमला कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में डर का माहौल है। ग्रामीणों ने बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों के मुताबिक, बीते 16 दिसंबर को भी बंदर के हमले में एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई थी। बबलू चौरसिया की 12 वर्षीय बेटी नैना, जो कक्षा आठ की छात्रा है, घर की दो मंजिल छत पर कपड़े सुखाने गई थी। इसी दौरान बंदर ने उसे धक्का दे दिया। नैना दो मंजिल नीचे फर्श पर जा गिरी थी। हादसे में उसके हाथ और पैर में फ्रैक्चर हुआ था, जबकि सिर में भी गंभीर चोट आई थी। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद बंदरों के आतंक से निजात नहीं मिल पा रही है।

# प्रेमी संग मिलकर पति का कत्ल, पत्नी समेत तीन गिरफ्तार

**पत्नी, प्रेमी और साथी गिरफ्तार, हत्या में प्रयुक्त चाकू व ई-रिक्शा बरामद**

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज क्षेत्र में ई-रिक्शा चालक की हत्या कर शव पुलिया के नीचे फेंकने वाली घटना का पुलिस ने 72 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया पुलिस ने मृतक की पत्नी उसके प्रेमी और एक अन्य साथी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा व हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद किया पुलिस के अनुसार अवैध संबंधों में बाधा बनने पर आरोपितों ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया था पुलिस के मुताबिक दुगार्गंज निवासी रामकिशोर वाल्मीकि के लापता होने के बाद उसकी पत्नी कविता देवी ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी जांच के दौरान पुलिस को शव बरामद हुआ इसके बाद सर्विलांस सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से घटना की परतें खुलती चली गईं वही पूछताछ में सामने आया कि मृतक की पत्नी कविता देवी का मुन्ना उर्फ हुसैन से लंबे समय से प्रेम संबंध था कुछ समय से रामकिशोर पत्नी के पास वापस रहने लगा था जिससे दोनों के संबंधों में बाधा उत्पन्न हो रही थी इसी बात को लेकर तीनों ने हत्या की साजिश रची। पुलिस के अनुसार 14/15 सितंबर की रात कविता देवी ने रामकिशोर को घर बुलाया देर रात प्रेमी मुन्ना और उसका साथी भी वहां पहुंचे तीनों ने मिलकर रामकिशोर पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी वारदात के बाद शव को बोरे में भरकर ई-रिक्शे से गोसाईंगंज क्षेत्र स्थित पुलिया के नीचे फेंक दिया ताकि पहचान न हो सके और पुलिस को गुमराह किया जा सके। एडीसीपी दक्षिणी के निर्देशन व एसीपी मोहनलालगंज के पर्यवेक्षण में गठित पुलिस टीम ने वैज्ञानिक साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा और आलाकत्ल चाकू भी बरामद कर लिया आरोपितों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### पुलिस का दावा

मोहनलालगंज एसीपी राजकुमार सिंह ने बताया कि तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और पूछताछ के आधार पर पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर दिया गया मामले में सभी नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जा रही।

# सफारी में गांजा तस्करी का खेल बेनकाब



**नगराम पुलिस ने 12.750 किलो गांजा के साथ दो तस्कर दबोचे, 30 लाख का माल बरामद**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।एसीपी राजकुमार सिंह के निर्देशन और नगराम थाना प्रभारी अंजनी सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने अंतरजनपदीय गांजा तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया पुलिस ने लग्जरी टाटा सफारी कार से छिपाकर ले जाए जा रहे 12.750 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया उनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन, 3,100 रुपये नकद और अन्य सामान बरामद हुआ बरामद माल की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये बताई गई पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे गोण्डा के जरवल क्षेत्र से गांजा लाकर लखनऊ और आसपास के जिलों में सप्लाई करते थे पुलिस के अनुसार तस्करी से हुई कमाई से उन्होंने लग्जरी सफारी कार महंगे मोबाइल और सोने की चेन खरीदी थी। दोनों आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया

# चालक की मौत से नाराज परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से किया इनकार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में विश्वकर्मा पूजा के दिन बिजली की चपेट में आने से हुई डाला चालक विनोद कुमार रावत की मौत के करीब 24 घंटे बाद तक सक्षम अधिकारी के मौके पर न पहुंचने से नाराज परिजनों ने शुक्रवार को शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। परिजन मुआवजे और गांव के भीतर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन को हटाकर गांव के बाहर शिफ्ट करने की मांग पर अड़े रहे। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया।लेकिन वह अंतिम संस्कार करने को नहीं तैयार हुए। बाद में अधिकारियों ने उचित मुआवजा और हाई वोल्टेज विद्युत लाइन को गांव से बाहर शिफ्ट करने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया। बताते चले कि बंथरा थाना क्षेत्र के गौरी शंकर खेड़ा निवासी विनोद कुमार रावत (40) विक्रम डाला चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। विश्वकर्मा पूजा के दिन गुरुवार को वह घर के पास सड़क पर 11 हजार वोल्टेज विद्युत लाइन के नीचे अपना डाला धो रहे थे। इसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में डाला में करंट उतरने से उसकी चपेट में आकर विनोद गंभीर रूप से झुलस गया था। बाद में परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो सक्षम अधिकारी के न पहुंचने से नाराज परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार करने से रोक दिया।वहीं शुक्रवार को मृतक के घर पर ग्रामीण और रिश्तेदारों की भारी भीड़ इकट्ठा होने के साथ स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इसके बाद पुलिस पहुंची और उन्हें समझाने का प्रयास किया। लेकिन वह परिजनों को उचित मुआवजा और बिजली विभाग पर कार्यवाही की मांग को लेकर अड़ गये। तब सूचना पाकर दोपहर बाद बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिवार व ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने उचित मुआवजा दिलाने और उक्त 11 हजार वोल्टेज विद्युत लाइन को गांव से बाहर शिफ्ट करने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। बाद में पुलिस की मौजूदगी में गांव के किनारे सरकारी अंत्येष्टि स्थल पर विनोद का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं मौके पर पहुंचे सरोजनीनगर तहसीलदार जेपी सिंह ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि शासन-प्रशासन परिवार के साथ है। उन्होंने क्षेत्रीय लेखपाल सत्येंद्र यादव को किसान दुर्घटना बीमा और मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से उचित मुआवजा दिलाने के लिए जल्द रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

# खेत में सिंचाई के दौरान किसान को जहरीले सांप ने काटा, मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीती रात खेत में सिंचाई के दौरान एक किसान को जहरीले सांप ने काट लिया। गंभीर अवस्था में परिजन उसे सिविल अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बिजनौर के गढ़ी-मवैया गांव निवासी किसान रामआसरे (35) गुरुवार रात धान की फसल की सिंचाई करने के लिए खेत गए थे। तभी सिंचाई के दौरान नींद आने पर वह खेत के पास ही सो गए। इसी बीच वहां पहुंचे सांप ने उनके कान में काट लिया। सांप के काटने का एहसास होने पर रामआसरे घबराकर घर पहुंचे और परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद कुछ ही देर में राम आसरे की हालत बिगड़ने लगी। इसके बावजूद परिजन उन्हें अस्पताल ले जाने के बजाय रातभर झाड़-फूंक कराते रहे। बाद में हालत में सुधार न होने पर शुक्रवार सुबह उनकी तबीयत और बिगड़ गई। इसके बाद परिजन रामआसरे को इलाज के लिए सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां अस्पताल में चिकित्सकों ने उनका इलाज शुरू किया, लेकिन इलाज के दौरान रामआसरे ने दम तोड़ दिया। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी अंजू के अलावा एक बेटा और एक बेटी है।

## संक्षेप

### आगे जा रहे वाहन में पीछे से घुसा मिनी ट्रक चालक की मौत साथी घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। चालक को झपकी लगने से अनियंत्रित होकर मिनी ट्रक पीछे से किसी भारी वाहन में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया इस हादसे में चालक की मौत हो गई जबकि परिचालक को बांगरमऊ अस्पताल से रेफर कर दिया गया। चालक रजनीश पुत्र अहिवरन सिंह निवासी गांव नगला हुलासी थाना सकीट जनपद एटा साथी परिचालक चंद्रभान पुत्र जगदीश निवासी सकीट एटा के साथ एक मिनी ट्रक में क्राकरी का सामान लादकर फिरोजाबाद से बिहार लेकर जा रहा तभी शुक्रवार को सुबह पहर तकरीबन 3 बजे बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव देवखरी के निकट चालक को झपकी लगने से मिनी ट्रक अनित्रित होकर आगे चल रहे किसी भारी वाहन में पीछे से घुस गया ।हादसे के बाद मौके पर पहुंची यूपीडा टीम ने कड़ी मसक्कत के बाद दोनों घायलों को बाहर निकालकर बांगरमऊ के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर डाक्टरों ने चालक रजनीश को मृत घोषित कर दिया ।जबकि सहचालक चंद्रभान को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। कोतवाल अखिलेश चंद पांडेय ने कहा है चालक की मौत हुई है परिजनों को सूचित कर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दुर्घटना के समय मिनी ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह से पिचक गया तथा चालक व परिचालक दोनों केबिन के अंदर ही फंस गए घटना के बाद पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने क्रेन आदि के जरिए खींचकर किसी तरह बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया।

### एक साल से खराब हाईमास्ट लाइट, अंधेरे में डूबा तिकोनिया पार्क तिराहा

उन्नाव। नगर पंचायत पुरवा के अंतर्गत आने वाले तिकोनिया पार्क तिराहे पर करीब एक वर्ष से हाईमास्ट लाइट खराब पड़ी होने से रात के समय प्रकाश व्यवस्था प्रभावित है। नगर के प्रमुख एवं व्यस्त तिराहे पर अंधेरा होने के कारण राहगीरों, वाहन चालकों और आसपास के दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।स्थानीय लोगों का कहना है कि तिराहे पर दिनभर बड़ी संख्या में वाहनों और राहगीरों का आवागमन रहता है। शाम होते ही हाईमास्ट लाइट बंद होने के कारण आसपास का क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता है। ऐसे में अंधेरे के चलते दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है ।समस्या को लेकर स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों द्वारा कई बार जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन करीब एक वर्ष बीतने के बावजूद हाईमास्ट लाइट की मरम्मत नहीं हो सकी ।मामले को लेकर मनीष कुमार गुप्ता निवासी बेगमगंज, पुरवा ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पुरवा को प्रार्थना पत्र देकर हाईमास्ट लाइट का स्थलीय निरीक्षण कराकर तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। उन्होंने जनहित एवं राहगीरों की सुरक्षा को देखते हुए समस्या का शीघ्र समाधान कराने का अनुरोध किया है।

# बच्चों की रैली पर बरसा ग्रामीणों का प्यार, घर-घर पहुंचा स्वच्छता का संदेश

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। हाथों में स्वच्छता के संदेश वाले बैनर, जुबां पर बुलंद नारे और कदमों में गजब का उत्साह। गांव की गलियों से बच्चों की टोली निकली तो लोग अपने दरवाजों से बाहर आ गए। कहीं ग्रामीणों ने बच्चों को रोककर उनकी बात सुनी तो कहीं उनकी पहल की खुले दिल से सराहना की विकास खण्ड सफीपुर के कंपोजिट विद्यालय रनियामऊं के विद्यार्थियों की स्वच्छता रैली ने गांव में जागरूकता की ऐसी लहर पैदा की कि स्वच्छता का संदेश सीधे घरों की चौखट तक पहुंच गया।

शिक्षक अमित तिवारी की पहल पर निकली रैली में बच्चों ने ग्रामीणों से घर और आसपास सफाई रखने, खुले में कूड़ा न फेंकने, पानी ढककर रखने और गीले-सूखे कचरे को अलग रखने की अपील की। बच्चों की सक्रियता और ग्रामीणों का उत्साह कार्यक्रम का खास आकर्षण रहा।

अभियान को रैली तक सीमित न रखते हुए अमित तिवारी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों की टीमें गांव में स्वच्छता ऑडिट भी कर रही हैं। बाल पंचायत के माध्यम से घर-घर पहुंचकर शौचालय की उपलब्धता, पानी के सुरक्षित रखरखाव और कचरा पृथक्करण जैसी व्यवस्थाओं की स्थिति देखी जा रही है। बच्चों को गांव की स्वच्छता का प्रहरी बनाने की दिशा में यह पहल आगे बढ़ रही है। स्वच्छता के साथ बच्चों ने गुटखा और तंबाकू के खिलाफ भी जागरूकता अभियान शुरू किया है। विद्यार्थी अपने माता-पिता और बड़ों से नशे से दूर रहने की अपील कर रहे हैं। बच्चों की यह पहल ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। अमित तिवारी ने कहा, बच्चों को केवल स्वच्छता का पाठ पढ़ाना हमारा लक्ष्य नहीं है। उन्हें गांव का स्वच्छता प्रहरी बनाना है। जब बच्चे खुद घर-घर जाकर सवाल पूछते और बदलाव का संदेश देते हैं, तो जागरूकता किताबों से निकलकर व्यवहार में दिखाई देने लगती है। ग्रामीणों का सहयोग इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत है। रैली में अमित तिवारी, देवेंद्र त्रिपाठी, संतोषी देवी, कृपा शंकर, पूनम देवी, सुदेवी, राधा देवी सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# सीएचसी परिसर में सेवा दिवस का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विशेष नियत सेवा दिवस का सफल आयोजन

किया गया जिसमें परिवार नियोजन की गुणवत्ता पूर्ण सेवाओं की पहुँच को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में पात्र लाभार्थियों को परिवार नियोजन की विधा वार सेवाएं एवं परामर्श उपलब्ध कराने के लिए विशेष नियत सेवा दिवस का सफल आयोजन संपन्न हुआ।

शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित सेवा दिवस पर ब्लॉक की समस्त आशा कार्यकताओं द्वारा पूर्व में चिह्नित किए गए लाभार्थियों को सेवा दिवस में लाकर उनकी जरुरत के अनुसार परामर्श के उपरान्त परिवार नियोजन की सेवाएं उपलब्ध कराई गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जय राम सिंह ने बताया कि परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ समुदाय में सही से पहुंचे यह हम सभी की जिम्मेदारी है। नियत सेवा दिवस का आयोजन प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ प्रमोद कुमार के निर्देशन में किया गया। विशेष सेवा दिवस में कुल 468 लाभार्थियों को परिवार नियोजन की सेवा दी गई। जिसमें कुल महिला नसबंदी 25, पुरुष नसबंदी 02, आईयूसीडी 115, अंतरा तिमाही गर्भ 104, निरोधक इंजेक्शन एवं 200 अधिक लाभार्थियों को परिवार नियोजन के अन्य साधन दिए गए। वहीं सेवा दिवस को सफल बनाने में ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधन इकाई से इसहाक अली, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक शिवाकांत, व फार्मासिस्ट एवं आशा, एएनएम, सीएचओ एवं समस्त स्टाफ रहा।

# अराजकतत्वों ने अम्बेडकर प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र में गुरुवार की देर शाम भीमराव अंबेडकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का मामला उजागर होते ही अफरा तफरी का माहौल बन गया किंतु क्षेत्रीय विधायक/प्रशाशन व स्थानीय लोगों के सहयोग से मूर्ति का दुरुस्तीकरण कराकर मामला शांत करा दिया गया। गुरुवार की देर शाम गांव रघुरामपुर में स्थापित डाक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिमा को खंडित किए जाने का मामला सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो गया वायरल वीडियो में अंबेडकर प्रतिमा को चश्मे के निकट क्षतिग्रस्त दिखाया गया हालांकि हिंदुस्तान मीडिया संस्थान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है किंतु मामला प्रकाश में आने के बाद विधायक श्रीकांत कटियार व पुलिसबल मौके पर पहुंचा तो स्थानीय लोगों के साथ बातचीत कर कमेटी सदस्यों से तालमेल बैठाकर क्षतिग्रस्त प्रतिमा को सही करा दिया गया तथा घटना के बाद से पुलिस की सुरक्षा तैनात कर दी गई ।शुक्रवार को भी पुलिस की मौजूदगी बनी रही है। कोतवाल अखिलेश चंद पांडेय ने बताया है कि प्रतिमा मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हुई थी जिसे सही करा दिया गया है तथा प्रतिमा सुरक्षा हेतु सी सी टीवी कैमरा लगाया जा रहा है।

*ज्ञात हो तकरीबन पांच माह पूर्व स्थापित हुई अंबेडकर प्रतिमा को चंद दिन पूर्व भी कुछ मामूली नुकसान पहचाने की चर्चा हुई किंतु कोई नुकसान जैसी स्थित ना बनने के कारण मामला प्रकाश में नहीं आ सका अब गुरुवार को पुनः प्रतिमा को चश्मे के निकट क्षतिग्रस्त कर दिया गया जिससे ग्रामीणों ने नाराजगी जताई तो उसे ठीक कर सुरक्षा बढ़ा दी गई है ।कुछ ग्रामीणों में चर्चा है कि अंबेडकर स्थल के नाम आवंटित भूमि भी मौके पर कुछ कम है ।*

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुन भक्त हुए भाव विभोर

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला खत्रियाना स्थित गणेश महोत्सव हाल में श्री धाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित प्रदीप मिश्रा शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा श्रवण कराकर श्रोता भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। जब-जब धर्म की ग्लानि होती है, तब-तब परमात्मा धर्म की स्थापना हेतु धरती पर अवतरित होते हैं। कथा व्यास ने कृष्ण जन्म के कथानक का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा कि कंस के द्वारा अपनी बहन देवकी का विवाह धूमधाम से वासुदेव के साथ किया गया। वह अपनी बहन को रथ पर बैठह्ल कर अपने राज्य की सीमा तक छोड़ने गया। किंतु अचानक मार्ग में आकाशवाणी होती है कि हे कंस तू जिस बहन के विवाह में खुशी से झूम रहा है, उसी का अष्टम लाल तेरा कॉल होगा। ऐसा सुनकर राजा कंस घबरा गया और उसने देवकी व वासुदेव को कारागार में डाल दिया तथा कड़ा पहरा लगा दिया। जेल में ही भगवान कृष्ण का जन्म भादो अष्टमी की रात 12:00 बजे होता है। भगवान का जन्म होते ही मुख्य यजमान पंडित राजकुमार द्विवेदी शिक्षक ने अपनी धर्मपत्नी के साथ भगवान बालकृष्ण का पूजन कर श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरित किया ।यजमान द्विवेदी ने श्रोता भक्तों को बताया कि आगामी दिनांक 20 सितंबर दिन रविवार को नगर में स्थापित सभी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कल्याणी नदी के पावन तट पर संपन्न होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से विसर्जन यात्रा में शामिल होने की अपील की।

# गणेश महोत्सव में मनमोहक झांकियों ने मोहा श्रद्धालुओं का मन

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी के मोहल्ला नेहरू नगर स्थित गोविंद चौराहा पर आयोजित सार्वजनिक श्री गणेश महोत्सव के चौथे दिन गुरुवार शाम दैनिक पूजन एवं आरती के बाद कानपुर से आए कलाकारों ने धार्मिक झांकियों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों ने गणेश वंदना, राधाकृष्ण होली, शिव-पार्वती, मां काली का रौद्र रूप तथा कृष्ण-सुदामा की झांकियां प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। झांकियों के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा और मौजूद लोगों ने तालियों के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य अतुल मिश्रा के साथ पहुंचकर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने प्रसाद ग्रहण किया। महोत्सव में रोहित राठौर, रामजी, धीरज वर्मा, श्यामजी वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। नगर पंचायत ऊगू स्थित काली माता मंदिर परिसर में चल रहे गणेश महोत्सव में भी कलाकारों ने सुंदर एवं धार्मिक झांकियां प्रस्तुत कीं। श्रद्धालुओं ने झांकियों का आनंद लेते हुए भगवान गणेश के जयकारे लगाए। कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनुज कुमार दीक्षित, हर्ष, मनु शुक्ला और रमा तिवारी व सुनील शास्त्री अवधेश दीक्षित संदीप कश्यप सहित अन्य लोग मौजूद रहे। दोनों स्थानों पर देर शाम तक भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

# प्रेम प्रसंग के चलते दर्दनाक हादसा, किशोरी ने लगाई फांसी, प्रेमी ने खाया जहर

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ठगपुरवा (मजरा भोगइता) में शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। प्रेम प्रसंग के चलते 17 वर्षीय किशोरी ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही गांव के ही एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खा लिया।

ग्राम ठगपुरवा निवासी गुलजारी लाल की 17 वर्षीय पुत्री गुड़िया देवी ने शुक्रवार सुबह लगभग 10:30 बजे अज्ञात कारणों के चलते घर के अंदर फांसी लगा ली। जब तक परिजन कुछ समझ पाते, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

घटना की खबर जैसे ही गांव में फैली, वहीं के रहने वाले अरुण कुमार के 18 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार को इसकी भनक लगते ही उसने भी जहरीला पदार्थ गटक लिया। युवक की हालत बिगड़ने पर परिजनों में हड़कंप मच गया।

### अस्पताल में भर्ती, पुलिस जांच में जुटी

जहर खाने से गंभीर हालत में युवक सचिन को आनन-फानन में बीघापुर स्थित 100 बेड वाले अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

घटना सूचना मिलते ही बीघापुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतका गुड़िया देवी के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

मृतका गुड़िया दो बहनों में सबसे बड़ी थी और उसका एक छोटा भाई भी है। किशोरी की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है।

# तालाब में मछली पकड़ने गए युवक की पानी में डूबने से मौत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम ममरेजपुर में शुक्रवार को अर्जुन 30 वर्ष पुत्र स्व० श्रीकृष्ण पासी की तालाब में मछली पकड़ने दौरान संतुलन बिगड़ जाने की वजह से तालाब में डूब कर मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्जुन अक्सर गाँव के ही तालाब में मछली पकड़ने जाता था । शुक्रवार शुबह मछली पकड़ना उसके लिए काल बन गया । संतुलन बिगड़ने की वजह से वह गहरे पानी मे चला गया। दोपहर करीब 1:00 बजे डायल 112 पुलिस को हादसे की सूचना मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय बिहार थाने की पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से तालाब में खोजबीन शुरू की और कड़ी मशक्कत के बाद अर्जुन के शव को पानी से बाहर निकाला। शव बाहर निकलते ही मौके पर मौजूद परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

मृतक अर्जुन अभी अविवाहित था। पिता के निधन के बाद घर में उसकी बुजुर्ग मां राजरानी और एक छोटा भाई चुन्नुलाल है। अर्जुन ही मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी मौत के बाद मां और छोटे भाई के सिर से सहारा छीन गया है। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने आरोपों के बाद किया स्थलीय निरीक्षण, हथौड़े से तुड़वाकर देखी निर्माण गुणवत्ता

अमन लेखनी समाचार



मौरावां, उन्नाव। नगर पंचायत में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर 16 सितंबर को हुई संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष विवेक सेठ शुक्रवार को खुद फील्ड में उतरे। उन्होंने विभिन्न वार्डों में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर गुणवत्ता परखी। अध्यक्ष ने सबसे पहले लक्ष्मीपुरम मोहल्ले में बनी इंटरलॉकिंग पुलिया का निरीक्षण किया। निर्माण की गुणवत्ता परखने के लिए उन्होंने मौके पर ही हथौड़े से पुलिया को तुड़वाकर उसमें लगी सरिया को चेक करवाया। इसके बाद वह अटल पार्क पहुंचे, जहां क्षतिग्रस्त बीम का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि इस मामले में आधिकारिक जांच चल रही है। वहीं रामलीला मैदान में नवनिर्मित सीसी रोड का भी निरीक्षण किया। अध्यक्ष ने बताया कि इसी सड़क को लेकर आरोप लगाए गए थे, जबकि यह सड़क लगभग एक माह पूर्व ही मानक के अनुरूप बनाई जा चुकी है। इस दौरान अध्यक्ष विवेक सेठ ने कहा कि नगर के सभी विकास कार्य पूरी पारदर्शिता और मानकों के अनुरूप कराए जा रहे हैं। जनता में किसी तरह का भ्रम नहीं रहने दिया जाएगा। यदि किसी कार्य में कमी पाई गई तो निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिक व नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।

# डूडा कॉलोनी में ई-रिक्शा चालक की हत्या, घरेलू विवाद में भांजे पर आरोप

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। शहर की डूडा कॉलोनी में शुक्रवार सुबह सनसनी फैल गई जब एक ई-रिक्शा चालक का शव घर में पड़ा मिला। पुलिस ने मृतक की पहचान 42 वर्षीय दीप नारायण पांडे के रूप में की है, जो डूडा कॉलोनी के मकान संख्या 5/12 के निवासी थे। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक कलह के चलते भांजे द्वारा हत्या की बात सामने आई है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे सूचना मिली कि डूडा कॉलोनी में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक दीप नारायण ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे।

जांच में पता चला कि गुरुवार रात परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि इसी विवाद के बाद 27 वर्षीय भांजे उमंग त्रिपाठी ने मामा की हत्या कर दी। आरोपी उमंग भी डूडा कॉलोनी के ही मकान संख्या 6/12 में रहता है। पुलिस हत्या के कारणों और पूरी घटना की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है।

सूचना पर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने सभी साक्ष्यों को कब्जे में लेकर जांच में शामिल कर लिया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है, रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि विवाद किस बात पर हुआ था और वारदात के समय घर में कौन-कौन मौजूद था।

घटना के बाद कॉलोनी में भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला। एएसपी अखिलेश सिंह के निर्देश पर मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं को किया गया जागरूक



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। भारत सरकार के निर्देश पर जिला क्षय रोग अधिकारी के आदेशानुसार शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा की टीम ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया ।सीएचसी के आईसीटीसी काउंसलर महेश कुमार ने 135 छात्राओं को एचआईवी, टीबी, सिफलिस व अन्य संक्रामक बीमारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को सेल्फ रिस्क असेसमेंट के बारे में बताया तथा क्यूआर कोड के माध्यम से असेसमेंट कराया। साथ ही समुदाय के लोगों का भी असेसमेंट कराने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्राओं को आईईसी मटेरियल वितरित किया गया और एचआईवी स्क्रीनिंग के लिए प्रोत्साहित किया गया। मौके पर प्रधानाचार्या सुमन लता, शिक्षिका स्वाती सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# देर से मोमोज देने पर गुस्साए ग्राहक ने कढाही का खौलता तेल दुकानदार पर पलटा तीन झुलसे

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम सरांय मनिहार मे ब्रहस्पतिवार को जल बिहार मेले में मोमोज दूकानदार पर देरी से मोमोज देने पर गुस्साए ग्राहक ने कढ़ाई का खौलता तेल दूकानदार पर पलट दिया ।जिससे दूकानदार सहित तीन लोग बुरी तरह झुलस गये । पीड़ितों को सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहा प्राथमिक उपचार उपरान्त सौ बेड शैय्या बीघापुर रिफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सराय मनिहार के मेले में मनिकापुर निवासी गोपाल सैनी के दो बेटे सौरभ सैनी व शैलू सैनी मोमोज दूकान का ठेला लगाए थे । सरांय मनिहार निवासी लल्ला सिंह दूकान पर मोमोज खाने के लिए आए और दूकानदार से मोमोज मांगे । भीड़ अधिक होने के कारण मोमोज देने मे देर हो गई । लल्ला दूकानदार से बहस करने लगे और गुस्सा मे आकर स्टोप पर चढ़ी तेल क कढ़ाई दूकानदार पर पलट दिया । तेल पलटने से दूकान पर काम कर रहे दोनों भाई व सरांय मनिहार निवासी अरुण अवस्थी झुलस गये ।ग्रामीणों की मदत से पीड़ितों को पीएचसी सुमेरपुर ले जाया गया । प्राथमिक इलाज के बाद सौ शैया बीघापुर रेफर कर दिया गया । थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कार्यवाही की जा रही है।

# तालाब से मछली पानी में बहाने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली के गाँव मुरैता प्राचीन निवासी रामप्रकाश पुत्र शिवबोधन ने कोतवाली मे तहरीर देते हुऐ बताया कि अपने तालाब गाटा संख्या 9 व 10मे मछली पालन कर रखा है जिसमे गाँव के ही मनमोहन व रोहित ने नहर की खाँदी काट दी जिससे तालाब मे पानी भर गया और उसकी मछली बह गयी जिससे काफी नुकसान हुआ जिसके बाद दोनो लोग हमारे घर पर चढाई कर दी और पत्नी की गन्दी गन्दी गालियां देने लगे और लाठी से पत्नी और उसको मार कर घायल कर दिया और ऐलानियाँ धमकी दी गाँव छोडकर अपने पैत्रक गाँव बेहटा चले जाओ नही तो पूरे परिवार को जान से मार देगे लिए कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर जाँच की जा रही है ।

## सम्पादकीय

# भारत की दो टूक, देश के लोगों के हित सर्वोपरि

अमेरिका की प्रतिनिधि सभा द्वारा रूस और ईरान पर नए प्रतिबंधों से जुड़े विधेयक को मंजूरी दिए जाने के बाद भारत ने भी दो टूक प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कहा कि देश के 1.4 अरब लोगों के हित, जरूरत और ऊर्जा सुरक्षा सर्वोपरि हैं। भारत बदलती बाजार परिस्थितियों के अनुरूप विभिन्न स्रोतों से ऊर्जा खरीद जारी रखेगा। अमेरिकी विधेयक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रूस से तेल और गैस खरीदने वाले बड़े देशों पर 100 प्रतिशत तक अतिरिक्त शुल्क लगाने का अधिकार देता है। भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा का प्रश्न इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था और करोड़ों परिवारों का जीवन ऊर्जा की कीमतों से सीधे जुड़ा है। कच्चे तेल की लागत में बड़ी वृद्धि का असर परिवहन, विनिर्माण, बिजली, खाद्य पदार्थों की कीमतों और अंततः महंगाई पर पड़ सकता है। ऐसे में भारत ने वाशिंगटन को स्पष्ट शब्दों में कहा है कि देश अपने आर्थिक और व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भारत का रुख हमेशा से साफ रहा है कि भारत किसी तीसरे देश के एकतरफा प्रतिबंधों को मानने के लिए बाध्य नहीं है और उसके फैसले केवल राष्ट्रीय हितों से संचालित होते हैं। रूस से सस्ता कच्चा तेल मिलने के कारण पिछले कुछ वर्षों में भारतीय रिफाइनरियों की खरीद में उसकी भूमिका बढ़ी है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों ने वैश्विक तेल व्यापार का स्वरूप बदला और भारत ने उपलब्ध बाजार अवसरों का इस्तेमाल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए किया है। इसके पीछे तर्क है कि ऊर्जा खरीद किसी राजनीतिक पक्षधरता से अधिक उसके उपभोक्ताओं और अर्थव्यवस्था की जरूरतों से संचालित होती है। दूसरी ओर, अमेरिका का दृष्टिकोण रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने से जुड़ा है। उसकी चिंता यह है कि रूसी ऊर्जा की खरीद से मॉस्को को राजस्व मिलता है। इसलिए भारत और चीन जैसे बड़े खरीदारों को निशाना बनाने का प्रावधान रूस पर दबाव की व्यापक रणनीति का हिस्सा है, यदि बड़े खरीदारों पर भारी शुल्क लगाया जाता है तो वैश्विक तेल व्यापार में आपूर्ति, कीमत और परिवहन लागत प्रभावित हो सकती है। भारत-अमेरिका संबंध आज व्यापार, तकनीक, रक्षा, निवेश और रणनीतिक सहयोग के कई क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में ऊर्जा व्यापार को लेकर मतभेदों को व्यापक संबंधों पर हावी होने देना दोनों देशों के हित में नहीं होगा। ऐसे में भारत के सामने चुनौती संतुलन बनाने की है। रूस के साथ पुराने रणनीतिक संबंधों को बनाए रखते हुए अमेरिका के साथ बढ़ते सहयोग को भी आगे बढ़ाना है। इसके लिए सबसे कारगर रास्ता किसी एक पक्ष के दबाव में आने के बजाय ऊर्जा स्रोतों का लगातार विविधीकरण, घरेलू उत्पादन को बढ़ावा, नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश और वैश्विक बाजार में अपने विकल्प मजबूत करना है। नई दिल्ली का संदेश मूलतः यही है कि विदेश नीति में मित्रता और साझेदारी महत्वपूर्ण हैं, लेकिन अंतिम कसौटी राष्ट्रीय हित है। ऊर्जा जैसी बुनियादी जरूरत को भू-राजनीतिक दबाव का साधन नहीं बनने दिया जा सकता। भारत को अपने लिए उपलब्ध हर वैध और आर्थिक रूप से व्यवहार्य विकल्प खुला रखना होगा। आज की वैश्विक व्यवस्था में आत्मनिर्भरता का अर्थ इतने विकल्प तैयार रखना है कि किसी एक स्रोत पर निर्भरता मजबूरी न बने। भारत की ऊर्जा नीति को इसी दिशा में आगे बढ़ना होगा। देश के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा जरूरत, आर्थिक स्थिरता और व्यापक राष्ट्रीय हित सर्वोच्च हैं। यही भारत की स्पष्ट और संतुलित नीति का आधार होना चाहिए।



मुद्दा
अरविंद जयतिलक

# यूनिफार्म सिविल कोड पर विलाप क्यों

> केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए शासित सभी 21 राज्यों में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू कर दिया जाएगा। इस ऐलान के बाद न सिर्फ विपक्षी दलों बल्कि एनडीए के सहयोगी दलों के बीच से भी ऐतराज के स्वर फूटने लगे हैं। किस्म-कस्म के कुतर्क और प्रतिवाद गढ़े जाने लगे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि तुष्टीकरण में जुटे तमाम सियासी दलों को यह भावना रास नहीं आ रही है। वे कुतर्कों के जरिए देश में यूनिफार्म सिविल कोड का विरोध कर रहे हैं। मजेदार बात यह कि एक ओर संविधान की रक्षा की बात करते हैं, संविधान को हाथ में लेकर चलते हैं, आंबेडकर की दुहाई देते हैं और दूसरी ओर संविधान के प्रावधानों को लागू होने के खिलाफ हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए शासित सभी 21 राज्यों में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू कर दिया जाएगा। गृहमंत्री के इस ऐलान के बाद न सिर्फ विपक्षी दलों बल्कि एनडीए के सहयोगी दलों के बीच से भी ऐतराज के स्वर फूटने लगे हैं। किस्म-कस्म के कुतर्क और प्रतिवाद गढ़े जाने लगे हैं। गौर करें तो पहली बार नहीं है जब यूनिफॉर्म सिविल कोड के खिलाफ वितंडा खड़ा किए जाने की कोशिश हो रही है। याद होगा कि स्वाधीनता दिवस की 78वीं सालगिरह पर जब लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए सेक्युलर सिविल कोड की जरूरत पर बल दिया था, उस दरम्यान भी विरोध के बोल ऊंचे हुए थे। यह प्रवृत्ति देशहित में नहीं है। सबके लिए एक समान कानून होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि मौजूदा समय में देश में विवाह, तलाक, गोद लेने, उत्तराधिकार और संपत्ति के मामले में हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध के पर्सनल मामले हिंदू विवाह अधिनियम से चलते हैं। लेकिन मुसलमानों, ईसाइयों और पारसियों के लिए अलग पर्सनल लॉ हैं। एक सेकुलर देश में इस तरह के कानून कहीं से भी एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के स्वरूप को रेखांकित नहीं करते हैं। ऐसे में अगर देश के गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूनिफार्म सिविल कोड की जरूरत पर बल देते हैं तो यह उचित ही है।

दुर्भाग्यपूर्ण है कि तुष्टीकरण में जुटे तमाम सियासी दलों को यह भावना रास नहीं आ रही है। वे किस्म-किस्म के कुतर्कों के जरिए देश में यूनिफार्म सिविल कोड का विरोध कर रहे हैं। मजेदार बात यह कि एक ओर संविधान की रक्षा की बात करते हैं, संविधान को हाथ में लेकर चलते हैं, बाबा साहब आंबेडकर की दुहाई देते हैं और दूसरी ओर संविधान के प्रावधानों को लागू होने के खिलाफ हैं। जबकि वे अच्छी तरह जानते हैं कि समान नागरिक संहिता एक पंथनिरपेक्ष विधि है जो सभी धर्मों के लोगों के लिए समान रूप से लागू होता है। वे यह भी जानते हैं कि 23 नवंबर, 1948 को इस मसले पर संविधान सभा में बहस हुई और भारत के पहले कानून मंत्री और संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर ने बहस करते हुए समान नागरिक संहिता लागू करने की वकालत की। डा. आंबेडकर ने तर्क दिया कि समान नागरिक संहिता की अनुपस्थिति सामाजिक सुधारों में सरकार के प्रयासों में बाधा उत्पन करेगी। अनेक संविधानविद् भी चाहते थे कि देश में समान नागरिक संहिता लागू हो।

अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर ने समान नागरिक संहिता पर बल देते हुए कहा कि 'जब अंग्रेजों ने इस देश पर अधिकार किया और कहा कि वे संपूर्ण देश के लिए एक ही आपराधिक कानून बना रहे हैं, तब उसका विरोध क्यों नहीं किया गया।' भारत का संविधान राज्य के नीति निर्देशक तत्व में सभी नागरिकों को समान नागरिकता कानून सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। संविधान का अनुच्छेद 44 इस धारणा पर आधारित है कि सभ्य समाज में धर्म व वैयक्तिक विधि में कोई संबंध नहीं होता है। अतः समान नागरिक संहिता बनाने से किसी समुदाय के सदस्यों के अनुच्छेद 25, 26 व 27 के अधीन प्रतिभूत मूल अधिकारों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। विवाह, उत्तराधिकार और इस प्रकार की सामाजिक



प्रकृति की बातें धार्मिक स्वतंत्रता से बाहर हैं और उन्हें विधि बनाकर विनियमित किया जा सकता है। ध्यान देने वाली बात यह कि विवाह एवं उत्तराधिकार संबंधी हिंदू विधि भी इस्लाम व ईसाइयों की भांति ही धर्मसम्मत है। फिर जब हिंदू समाज संविधान की भावना का सम्मान करते हुए एवं देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए अपनी धार्मिक मान्यताओं का परित्याग कर दिया और उनका संहिताबद्ध किया गया तो अन्य धर्मावलंबियों एवं मतावलंबियों को इस तरह के आचरण का पालन क्यों नहीं करना चाहिए।

1956 में हिंदू विवाह कानून, उत्तराधिकार कानून, नाबालिग व अभिभावक कानून और गोद लेने व गुजारा भत्ता कानून लागू कर दिया गया, लेकिन अल्पसंख्यक समुदायों को इस परिधि में नहीं लाया गया। समान नागरिक संहिता का विरोध करने वाले लोगों को विचार करना चाहिए कि जब दुनिया के सभी आधुनिक देश जिनमें मुस्लिम देश भी शामिल हैं और वहां समान नागरिक संहिता लागू है तो फिर भारत में भी ऐसा कानून क्यों नहीं बनना चाहिए। सीरिया, ट्यूनिशिया, मोरक्को, पाकिस्तान, ईरान, बांग्लादेश तथा मध्य एशियाई गणतंत्र समेत अन्य कई और मुस्लिम देशों में वैयक्तिक विधि का संहिताकरण करके समान नागरिक संहिता को लागू किया गया है। मजेदार बात यह कि समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए देश की अदालतें भी अपनी सहमति की मुहर लगा चुकी हैं। सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस दीपक गुप्ता और जस्टिस अनिरुद्ध बोस की पीठ कह चुकी है कि संविधान निर्माताओं ने राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के तहत अनुच्छेद 44 के जरिए यह उम्मीद जतायी थी कि राज्य पूरे देश में समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करे। सरला मुद्गल बनाम भारत संघ मामले में भी सर्वोच्च अदालत कह चुका है कि संविधान के अनुच्छेद 44 पर नया दृष्टिकोण अपनाएं जिसमें सभी नागरिकों के लिए एक 'समान नागरिक संहिता' हो। जानवलामत्तम बनाम भारत संघ के मामले में भी उच्चतम न्यायालय समान नागरिक संहिता के न बनाने को लेकर दुख जता चुका है। न्यायमूर्ति कह चुके हैं कि संविधान को लागू हुए वर्षों गुजर गए और कई सरकारें आईं व गईं, फिर भी अनुच्छेद 44 में निहित संविधान के उक्त निर्देश को कार्यान्वित करने के कर्तव्य का पालन किसी के द्वारा नहीं किया गया। दिल्ली उच्च न्यायालय भी समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कह चुका है। न्यायमूर्ति प्रतिमा एम सिंह की पीठ ने दो टूक कहा कि विवाह, तलाक और संपत्ति के बंटवारे के संबंध में वैकल्पिक व्यवस्थाओं की मौजूदगी न्यायिक ढांचे के लिए चुनौती के साथ-साथ संविधान के प्रावधानों को लागू करने की राह में बाधा है। समान नागरिक संहिता के इतिहास में जाएं तो 1840 में ब्रिटिश राज में गठित समिति ने समान नागरिक कानून बनाने की वकालत की थी। 1985 में जब शाह बानो का मामला उछला तब भी इसकी आवश्यकता महसूस की गई। शाह बानो एक 62 वर्षीय मुसलमान महिला और 5 बच्चों की मां थी, जिन्हें 1978 में उनके पति ने तलाक दे दिया था। शाह बानो ने जीविका का कोई साधन न होने के कारण अपने पति से गुजारा भत्ता लेने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया।

अदालत ने निर्देश दिया कि शाह बानो का निर्वाह-व्यय के समान जीविका दी जाए। लेकिन तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार ने इस फैसले का पालन करने के बजाए संसद के जरिए फैसले को ही पलट दिया। मुस्लिम नेताओं ने 'ऑल इंडिया पर्सनल बोर्ड' नाम की एक संस्था बना ली और देश के सभी भागों में आंदोलन की धमकी दी। यह रेखांकित करता है कि तत्कालीन सरकार तुष्टिकरण की सारी सीमाएं लांघ गई। क्या ऐसे में आवश्यक नहीं हो जाता है कि देश को एक यूनिफॉर्म सिविल कोड की जरूरत है।



मॉर्फ्ड तस्वीरें
डॉ. मोनिका शर्मा

# तकनीक ही नहीं, विचार भी अपडेट होने चाहिए

हाल में आपत्तिजनक वस्त्रों में गंगा स्नान करती एक महिला का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो साझा करने वाले बहुत से यूजर्स ने न केवल महिला के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया बल्कि ऐसे कपड़ों में गंगा स्नान करने के लिए रोष भी जताया। हरिद्वार के हरकी पैड़ी जैसे पवित्र स्थल से आए इस वीडियो को लेकर लोगों ने धार्मिक स्थलों पर मर्यादा और अनुशासन बनाए रखने की बात भी कही। बाद में सामने आया कि यह वीडियो नकली है। असली वीडियो में महिला सलवार-सूट पहनकर स्नान करती दिखती है। मूल वीडियो के साथ छेड़छाड़ कर एआइ से कपड़े बदलकर महिला को आपत्तिजनक कपड़ों में दिखाया गया। वस्तुतः इस वीडियो ने महिलाओं की निजता और सुरक्षा को लेकर अहम सवाल खड़े कर दिए हैं। किसी सार्वजनिक स्थल पर स्त्रियों का सभ्य पहनावे में उपस्थित होना भी अब जोखिमपूर्ण हो गया है। ध्यातव्य है कि तकनीक के गलत इस्तेमाल का चिंतनीय उदाहरण बना यह वीडियो सोशल मीडिया क्रिएटर सोनम यादव का है। सोनम ने स्वयं इंस्टाग्राम पर दो वीडियो शेयर कर बताया कि वायरल वीडियो को एआई की मदद से बनाया गया है। उनके असली वीडियो के साथ छेड़छाड़ होने की शिकायत साइबर क्राइम ब्रांच में की है। गौरतलब है कि इन्हीं दिनों अभिनेत्री शालिनी पांडे का भी टॉपलेस वीडियो सामने आया। शालिनी ने भी इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा था कि 'मेरा एआई-जनरेटेड वीडियो पूरी तरह से बनावटी है और इसमें मैं नहीं हूं।' कुछ समय पहले मराठी और हिंदी की चर्चित अभिनेत्री गिरिजा ओक गोडबोले की भी एआई-जनित तस्वीरें सोशल मीडिया हुई थीं। एक वीडियो जारी कर गिरिजा ने बताया था कि 'सोशल मीडिया पर बिना किसी नियम के ऐसी फर्जी तस्वीरें बनाई और फैलाई जाती हैं। दुखद है कि चर्चित चेहरों से लेकर आम महिलाओं तक, एआई से बनी तस्वीरें और डीपफेक वीडियो महिलाओं के लिए मुसीबत बन रहे हैं। कुछ लोगों की कुत्सित मानसिकता के चलते ऐसी घटनाएं डिजिटल यौन उत्पीड़न का रूप लेने लगी हैं। चिंतनीय है कि ऐसी नकली सामग्री की पहुंच भी बहुत अधिक होती है। मैकऐफी की 'सबसे खतरनाक सेलेब्रिटी -डीपफेक धोखे की सूची' रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर वर्ष लगभग 75 प्रतिशत लोग डीपफेक कंटेंट देखते हैं। वहीं 2020 से 2024 के बीच महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधों में 118 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। इनमें महिलाओं की मॉर्फ की गई तस्वीरों के मामले तेज़ी से बढ़ रहे हैं। जबकि निजता का हनन करने वाले ऐसे वीडियो से किसी महिला के लिए सामाजिक-पारिवारिक जीवन के हर पहलू पर दुष्प्रभाव पड़ता है। नकली कंटेन्ट को हटाने की प्रक्रिया भी आसान नहीं है। अभिनेत्री गिरिजा ओक गोडबोले ने अपनी मॉर्फ्ड तस्वीरें वायरल होने पर कहा था कि मेरी ये तस्वीरें इंटरनेट पर हमेशा रहेंगी। यह सोचकर मुझे डर लगता है कि मेरा बारह साल का बेटा इन्हें देखेगा।' समझना कठिन नहीं कि किसी महिला का आपत्तिजनक फेक कंटेन्ट भी उसे असुरक्षित और अपमानित महसूस कराता है। ऐसी सामग्री की बार-बार चर्चा होती है। वायरल वीडियो के यहां-वहां दिखने और उस पर आई यूजर्स की असभ्य प्रतिक्रियाएं मानसिक तनाव बढ़ाती हैं। यही वजह है कि कुछ समय पहले भारत में डीपफेक पर लगाम लगाने के लिए लोकसभा में रेगुलेशन बिल पेश किया गया। इस बिल का उद्देश्य लोगों के चेहरे का गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर लगाम लगाना है। ज्ञात हो कि डीपफेक तकनीकी टूल्स के जरिये किसी फोटो में दूसरे का चेहरा लगा दिया जाता है। किसी वीडियो में दूसरी आवाज सेट कर दी जाती है। फेक चेहरा लगाने के बावजूद बिलकुल असली लगने वाली इस एडिटिंग को मशीन लर्निंग और आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से अंजाम दिया जाता है। वास्तविक लगने वाले ऐसे कंटेन्ट का खेल किसी भी इंसान की छवि बिगाड़ने वाली सोची-समझी करतूत होती है। असल में एआई टूल्स की सहज उपलब्धता इस समस्या की जड़ है। इन्टरनेट पर तस्वीरों को बदलने वाले एप्स बच्चों से लेकर बड़ों तक की पहुंच में हैं, जिससे दुरुपयोग के मामले बढ़े हैं।

## शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है



संकलित
दर्शन

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम्। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम-भक्ति कुछ कम भी हो जाए तो फिर और एक समय यह यदुवंश का ध्वंस करने वाले मूसल की तरह देखते-देखते बढ़ भी जाती है।

## तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गई और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था- राम राम ! मै हत्यारा हूं, मुझे भिक्षा दीजिए। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितों ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिए। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिए? इसपर ब्राह्मणों ने कहा- यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गई थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिए। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अपराध की काली कमाई सफेद करने का धंधा

मनी लॉन्ड्रिंग अर्थात धनशोधन आज केवल आर्थिक अपराध नहीं रह गया है, बल्कि यह संगठित अपराध, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद और अवैध व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय आधार बन चुका है। सामान्य शब्दों में कहें तो मनी लॉन्ड्रिंग वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से अपराध से अर्जित धन के वास्तविक स्रोत को छिपाकर उसे वैध अथवा कानूनी रूप से अर्जित धन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। अपराधी जानते हैं कि केवल अवैध तरीके से धन कमाना पर्याप्त नहीं है। उस धन को ऐसी व्यवस्था में शामिल करना भी आवश्यक है जिससे उसकी वास्तविक उत्पत्ति का पता लगाना कठिन हो जाए। यही कारण है कि आधुनिक वित्तीय व्यवस्था में धनशोधन की चुनौती लगातार जटिल होती जा रही है। - *संदीप शुक्ला, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

### नासा के यान ने चंद्रमा पर खोजा रोम के कोलोसियम से बड़ा गड्ढा

वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर एक ऐसे नए गड्ढे की खोज की है जो रोम के कोलोसियम से भी बड़ा है। यह गड्ढा दो साल पहले हुई एक शक्तिशाली टक्कर के कारण बना था, लेकिन उस समय इसका पता नही चल पाया था। करीब 728 फुट चौड़ा और 141 फुट तक गहरा यह गड्ढा हाल के समय में सौर मंडल में बना ज्ञात सबसे बड़ा प्रभाव-गड्ढा है। शोधकर्ताओं के अनुसार, इतनी बड़ी टक्कर की घटना करीब 132 साल में एक बार होने का अनुमान है। नासा द्वारा चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों के लिए आधार बनाने की तैयारी के बीच यह घटना वैज्ञानिकों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी जुटाने का दुर्लभ अवसर है।



## ऑफ बीट

### लगातार गाड़ी चलाते समय थकान क्यों महसूस होती है

चाहे आप रोज दफ्तर आने-जाने के लिए गाड़ी चला रहे हों या समुद्र किनारे लंबी यात्रा पर निकले हों, लगातार 'ड्राइविंग' शरीर और दिमाग दोनों को थका सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि गाड़ी चलाना एक बेहद जटिल काम है, जिसमें दिमाग के कई हिस्सों को एक साथ काम करना पड़ता है। इनमें योजना बनाना, सतर्क रहना और आसपास की चीजों को समझना शामिल है। लेकिन जब आप थक जाते हैं, तो दिमाग के ये हिस्से पहले की तरह प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पाते। यही वजह है कि चालक की थकान को सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता है।



## ट्रेंड

### आस्था के केंद्र

वडनगर (गुजरात) में स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर, भारतीय वास्तुकला और आस्था का एक अनूठा संगम है। इस मंदिर की बारीक नक्काशी और स्वयंभू शिवलिंग सदियों से आस्था के केंद्र रहे हैं।
-**अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री



### अंगदान संकल्प अभियान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर, दिल्ली के ऑनलाइन अंगदान संकल्प अभियान की शुरुआत की और अंगदान करने का अपना संकल्प भी दर्ज कराया। अंगदान के पीछे गहरी सोच है। एक जीवन की यात्रा पूरी होने के बाद भी, यह किसी और के लिए नई शुरुआत बन सकता है।
- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली



### हार्दिक बधाई

शिल्प और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर सभी को हार्दिक बधाई। हर घर में सुख-समृद्धि बनी रहे। मैं उन सभी श्रमिकों और कारीगरों के प्रति सम्मान व्यक्त करता हूँ जो मेहनत और कौशल से देश की प्रगति को आगे बढ़ाते हैं।
-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली



### लोकतंत्र में लूट

राजस्थान में लोकतंत्र को खुलेआम लूटा जा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय का एक आईएएस अधिकारी कलेक्टरों और एसडीएम को धमका रहा है कि वे किसी भी तरह बीजेपी का बोर्ड बनवाए। जो लोग मना करते हैं, उन्हें पुलिस जबरदस्ती उठा ले जाती है।
- **अशोक गहलोत**, पूर्व सीएम, राजस्थान



## संक्षेप

### पूर्व दशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना हेतु आवेदन आमंत्रित

**21 सितम्बर तक आवेदन कर सकते हैं छात्र-छात्राएं**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जनपद के समस्त शिक्षण संस्थाओं में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 09 व 10 तथा कक्षा 11 व 12 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं हेतु संचालित पूर्वदशम् एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति हेतु प्रक्रियात्मक कार्यवाही के लिए समय-सारिणी का निर्धारण कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी व अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि नवीन छात्र-छात्राओं के पंजीकरण एवं आनलाइन आवेदन भरने की अन्तिम तिथि 21 सितम्बर 2026 निर्धारित की गयी है। छात्रों द्वारा फाइनल प्रिंट निकालनें की कार्यवाही 30 सितम्बर 2026 तक पूर्ण कर वांछित अभिलेखों के साथ आवेदन की हार्ड कापी शिक्षण संस्थाओं में जमा करने अन्तिम तिथि 05 अक्टूबर निर्धारित की गई है। जबकि विद्यालयों द्वारा आवेदन पत्रों को सत्यापित एवं अग्रसारित करने का कार्य 15 अक्टूबर 2026 तक पूर्ण किया जाना है।

### चारपाई पर सो रही महिला को उठा ले गया तेंदुआ, क्षत विक्षत अवस्था में शव बरामद

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में वन्यजीवों के हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। कहीं किसी दिन किसी को घायल तो किसी की मौत हो रही है वन विभाग इन हमलों को रोक पाने में विफल साबित हो रहा है। गुरुवार देर रात तेंदुए के द्वारा घटित की गई घटना से जहां एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई वहीं क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र के थाना व रेंज सुजौली के सीताराम पुरवा में घर में 86 वर्षीय वृद्ध महिला फूलवती अकेली घर में सो रही थी इसी दौरान बीती रात घर के अंदर तेंदुए ने घुसकर उसको घसीट कर पास के हल्दी के खेत में ले गया और वहीं निवाला बना लिया। महिला का क्षत विक्षत अवस्था में शव हल्दी के खेत से बरामद हुआ है। घटना की जानकारी होते ही सैकड़ो की संख्या में लोगों को भीड़ इकट्ठा हो गई और लोगों ने वन विभाग के खिलाफ आक्रोश जताते हुए विरोध किया। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने वन विभाग तथा सुजौली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही वन विभाग की टीम काफी देर में पहुंची जिससे ग्रामीणों में आक्रोश रहा। ग्रामीणों ने तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की है। मौके पर मौजूद कई ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में वन विभाग की टीम सक्रिय नहीं रहती है जिससे वन्यजीवों के हमले बढ़ रहे हैं।

# दीपमाला से जगमगाए अन्नपूर्णा भवन व राशन की दुकानें, लाभार्थियों ने जताया पीएम-सीएम का आभार

## संकल्प अभियान के तहत जिलेभर में हुआ आयोजन

**उचित दर विक्रेताओं ने दीप जलाकर लाभार्थियों के प्रति व्यक्त की कृतज्ञता**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के निरंतर सेवाकाल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत-2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत गुरुवार को जिले के विभिन्न विकासखंडों में अन्नपूर्णा भवनों एवं उचित दर की दुकानों पर दीप प्रज्वलित किए गए। उत्तर प्रदेश शासन की प्राथमिकता तथा जिलाधिकारी बहराइच और मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में अन्नपूर्णा भवनों के साथ-साथ उचित दर दुकानों को दीपमाला से सजाया गया। दीप प्रज्ज्वलन के बाद मौजूद लोगों ने देश में हुए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान राशन कार्ड लाभार्थियों ने निर्धारित समय पर खाद्यान्न उपलब्ध होने तथा राशन व्यवस्था का लाभ मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया। उचित दर विक्रेताओं ने भी खाद्यान्न वितरण के माध्यम से लाभार्थियों को मिल रहे लाभ को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार के प्रयासों के प्रति कृतज्ञता जताई।



पांच प्रमुख स्थानों पर हुए कार्यक्रम जिला स्तर पर आयोजित प्रमुख कार्यक्रमों में उद्यान ऑडिटोरियम, बहराइच में विधायक सदर अनुपमा जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन किया गया। वहीं शहीद स्मारक स्थल पार्क, बहराइच में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। पुलिस लाइंस, बहराइच में मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में दीप जलाए गए। इसके अलावा मॉडल स्कूल, बहराइच में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति तथा कान्हा गौशाला, बहराइच में पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी कार्यक्रम स्थलों को दीपमाला और विद्युत झालरों से सजाया गया था। जनप्रतिनिधियों एवं मुख्य अतिथियों ने उपस्थित जनमानस को धन्यवाद देते हुए दीप प्रज्वलित किए। जिले के अन्य क्षेत्रों में भी संबंधित पूर्ति निरीक्षकों एवं कार्मिकों ने उचित दर की दुकानों पर दीप जलाकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# मटेरा और नानपारा में 15-15 किलोवाट सोलर प्लांट का उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्म दिवस के अवसर पर सेवा एवं सुशासन के संकल्प के तहत जनपद बहराइच में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। सांसद बहराइच डॉ0 आनंद कुमार गोंड ने जिले के दो अलग-अलग स्थानों पर स्थापित 15-15 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांटों का उद्घाटन किया।

मटेरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बभनी (रिसिया) स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय (राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय) में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) के उरफ सहयोग से भारत उदय द्वारा निःशुल्क स्थापित 15 किलोवाट सोलर प्लांट का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इससे विद्यालय की छात्राओं को स्वच्छ एवं सौर ऊर्जा की सुविधा उपलब्ध होगी तथा विद्यालय की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर सांसद ने विद्यालय परिसर में स्थापित भारत रत्न डॉ0 भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा छात्राओं को फल वितरित किए।

नानपारा तहसील अंतर्गत नानपारा तहसील परिसर में भी BPCL के CSR सहयोग से भारत उदय द्वारा निःशुल्क स्थापित 15 किलोवाट सोलर प्लांट का सांसद डॉ0 आनंद कुमार गोंड ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस प्लांट से तहसील परिसर में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा और विद्युत आवश्यकताओं को पूरा करने में सहयोग प्राप्त होगा। उद्घाटन के मौके पर सांसद डॉ0 आनंद कुमार गोंड ने कहा कि सौर ऊर्जा पर्यावरण संरक्षण के साथ ऊर्जा के क्षेत्र में आत्म निर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जनोपयोगी संस्थानों में सोलर प्लांट की स्थापना से स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ विकास को भी गति मिलेगी।

कार्यक्रमों में जन प्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, विद्यालय परिवार, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत रहीमनगर बनी उत्तर प्रदेश की मॉडल ग्राम पंचायत

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। ग्राम पंचायत रहीमनगर विकासखंड नवाबगंज बहराइच को भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा कम्युनिटी बेस्ड दिसस्टर रिस्क रिडक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत ह्लमॉडल ग्राम पंचायतह्व के रूप में चयनित किया गया है। मंत्रालय द्वारा प्रत्येक राज्य से एक ग्राम पंचायत को इस कार्यक्रम के लिए मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में चयनित किया गया है इस उपलब्धि पर ग्राम प्रधान अतुल कुमार सिंह ने ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ह्लग्रामवासियों ने जिस विश्वास के साथ मुझे ग्राम प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी और निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन दिया, उसी का परिणाम है कि रहीम नगर को यह गौरव प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि समस्त ग्रामवासियों के विश्वास, सहयोग और एकजुट प्रयासों की उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में चयन होने से ग्राम में आपदा जोखिम न्यूनीकरण, जन-जागरूकता एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों को और बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा ग्राम प्रधान श्री सिंह ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय, उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग तथा जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कहा कि ग्राम पंचायत रहीमनगर को विकास एवं जनहित के कार्यों में निरंतर आगे ले जाने का प्रयास जारी रहेगा। इस उपलब्धि पर अरविन्द वर्मा, पियूष सिंह, अभिजीत सिंह, विनोद गिरि, संतोष मिश्रा, रमेश सोनकर, वकील अहमद, अजीत सिंह, जीतेन्द्र शर्मा, आदि शुभकामनायें भेंट की।

# रुपईडीहा नगर पंचायत में 1100 दीपों से जगमगाया परिसर

**चैयरमैन प्रतिनिधि ने पीएम मोदी का 76वां जन्मदिन सेवा संकल्प के रूप में मनाया**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच नगर पंचायत में 1100 दीपों से जगमगाया परिसर, पीएम मोदी का 76वां जन्मदिन सेवा संकल्प के रूप में मनाया सीमावर्ती क्षेत्र आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा में सेवा सुशासन और जनकल्याण समर्पित माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76 वें जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा कार्यालय प्रांगण में सेवा 25 वर्ष एवं आशीर्वाद का दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ दीघायु जीवन की कामना की आपको बताते चलें कि लोकप्रिय जनप्रिय यशस्वी चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य का प्रतिनिधित्व कर रहे डॉ अश्विनी वैश्य के कुशल नेतृत्व में आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा के परिसर में 1100 दीप प्रज्वलित कर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 76 वां जन्मदिन मनाया गया ज्ञातव्य हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने अवसर को ध्यान में रखते हुए सेवा 25 वर्ष एवं आशीर्वाद का दीप प्रज्वलित किया गया नगर पंचायत को आकर्षक ढंग से सजाया गया सेवा सुशासन और जन कल्याण को समर्पित यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर दीघारयु स्वस्थ जीवन की कामना की गई कार्यालय में दीप प्रज्वलित कर उत्साहित उपस्थित सम्मानित लोगों ने भारत माता की जय वंदे मातरम उद्घोष लगाया इस शुभ अवसर पर विजय कुमार गुप्ता, अजीत शुक्ला, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, समाजसेवी दिनेश अग्रवाल, गोकर्ण सोनी, लीला कश्यप, आज दर्जनों की संख्या में सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मैत्री द्वार से नवीन नगर पंचायत तक जगमगाए दीप

**मोदी के जन्मदिन पर हुआ दीपोत्सव**


अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार शाम रुपईडीहा में दीपोत्सव के माध्यम से जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं। नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा के नेतृत्व में भारत-नेपाल सीमा स्थित भारत-नेपाल मैत्री द्वार पर बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलित किए गए। दीपों से सजा मैत्री द्वार देर शाम आकर्षण का केंद्र बना रहा। इसके बाद नगर पंचायत रुपईडीहा की पचपकड़ी स्थित नवीन बिल्डिंग परिसर में भी दीपोत्सव आयोजित किया गया। परिसर में दीप जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की गई। दीपों की रोशनी से पूरा परिसर जगमगा उठा। भारत-नेपाल मैत्री द्वार पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्ज्वलन के साथ भारत और नेपाल के मैत्रीपूर्ण संबंधों तथा आपसी सद्भाव का संदेश दिया गया। वहीं नगर पंचायत परिसर में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को प्रधानमंत्री के जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी रामबदन यादव, सभासद रतन अग्रवाल, काली प्रसाद गुप्ता, पार्वती देवी, अभिजीत सिंह, सौरभ वर्मा, देवेंद्र पाठक, देशराज, जान मोहम्मद, रईस अहमद, जाकिर हुसैन सहित नगर पंचायत के सुपरवाइजर एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। दीपोत्सव के दौरान जगमगाते दीपों से सजा नगर पंचायत परिसर और भारत-नेपाल मैत्री द्वार लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा।

# वार्ड नंबर 9 में सफाई व्यवस्था बदहाल, नालियों की सफाई के लिए खुद खर्च उठा रहे स्थानीय लोग

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा से सटे नगर पंचायत रुपईडीहा के वार्ड नंबर 9 में सफाई व्यवस्था को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि वार्ड में नियमित रूप से झाड़ू नहीं लगती और नालियों की भी समय से सफाई नहीं कराई जाती, जिसके चलते जगह-जगह गंदगी और कूड़ा जमा रहता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सफाई व्यवस्था की स्थिति ऐसी है कि कई बार उन्हें अपने स्तर से सफाई करानी पड़ती है। लोगों का कहना है कि वे अपने पैसे खर्च करके नालियों की सफाई करवाते हैं, ताकि गंदगी और जलभराव की समस्या से कुछ राहत मिल सके। निवासियों का कहना है कि नालियों में गंदगी जमा रहने से दुर्गंध फैलती है और मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है। बरसात के दौरान स्थिति और खराब होने की आशंका बनी रहती है। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से वार्ड में नियमित झाड़ू लगाने, नालियों की सफाई कराने और कूड़ा उठान की व्यवस्था को प्रभावी बनाने की मांग की है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पंचायत की ओर से सफाई व्यवस्था के लिए कर्मचारियों की तैनाती और संसाधनों की व्यवस्था होने के बावजूद यदि लोगों को स्वयं अपने खर्च से नालियों की सफाई करानी पड़ रही है, तो यह व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। वार्डवासियों ने संबंधित अधिकारियों से मौके का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का जायजा लेने तथा नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है।

# मच्छरों के बढ़ते प्रकोप पर नगर पंचायत सक्रिय

## सभी वार्डों में कराया गया विशेष फागिंग अभियान

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। बरसात के मौसम में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप और उनसे होने वाली मच्छरजनित बीमारियों की आशंका को देखते हुए नगर पंचायत रुपईडीहा की ओर से विशेष फागिंग अभियान चलाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य के निर्देशन में नगर के सभी वार्डों में फागिंग कराकर मच्छरों के प्रकोप को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है।

अभियान के दौरान विभिन्न वार्डों एवं मोहल्लों में फागिंग मशीन के माध्यम से दवा का छिड़काव कराया गया। नगर पंचायत की ओर से बताया गया कि बरसात के दौरान जगह-जगह पानी जमा होने से मच्छरों की संख्या बढ़ जाती है, जिससे डेंगू, मलेरिया सहित अन्य मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए फागिंग अभियान को प्राथमिकता के आधार पर चलाया जा रहा है।

नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य ने कहा कि नगरवासियों के स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण को लेकर नगर पंचायत द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। सभी वार्डों में फागिंग कराकर मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को कम करने का प्रयास किया जा रहा है।

नगरवासियों ने भी फागिंग अभियान को लेकर नगर पंचायत के प्रयास की सराहना करते हुए नियमित रूप से फागिंग एवं साफ-सफाई अभियान चलाए जाने की आवश्यकता जताई। साथ ही लोगों से अपने घरों एवं आसपास पानी जमा न होने देने तथा साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की गई।

# अन्नपूर्णा भवन में भव्यता से मनाया गया पीएम का जन्मोत्सव

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच मे निर्मित अन्नपूर्णा भवन में भव्यता से मनाया गया प्रधानमंत्री का जन्म दिवस। विकासखंड शिवपुर, अंतर्गत ग्राम पंचायत देवदत्तपुर, नकहा व नवाबगंज तथा बलहा में बने अन्नपूर्णा भवन मे आज 17 सितंबर को मा0 प्रधानमंत्री जी के 76वें जन्मदिवस पर बेटियों द्वारा आकर्षक रंगोली बनाकर गुब्बारे फोड़ते हुए केक काटकर प्रधानमंत्री के यसस्वी व लंबी उम्र की कामना किया। पूर्ति निरीक्षक शिवपुर विजयन्त कुमार ने बताया कि पहले जब अन्नपूर्णा भवन नहीं बना था एवं -इ पास मशीन नहीं लगी थी तब लोगों को राशन कार्ड व खाद्यान्न संबंधी कई परेशानी हो रही थी। वहीं डीएसओ एन तिवारी ने बताया कि खाद्यान्न व राशन कार्ड को लेकर आए दिन आ रही जन समस्याओं को सरकार द्वारा पारदर्शी एवं डिजिटिलीकरण से जोड़कर पारदर्शिता लाते हुए वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु अन्नपूर्णा भवन एवं ए-पास मशीन एवं ऑनलाइन सिस्टम की व्यवस्था करके राशन कार्ड बनवाने एवं खाद्यान्न प्राप्त करने में आमजन को काफी राहत पहुंचाया है। वहीं इस संबंध में विशेष जागरूकता अभियान तथा जिम्मेदारों के प्रति अनुशासन का कार्य जिला खाद्यान पूर्ति अधिकारी ने बखूबी निभाया है। वहीं उपस्थित लोगों ने भी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का समुचित लाभ आसानी से प्राप्त होने पर धन्यवाद व्यापित किया है। कार्यक्रम में आम जन लाभार्थी सहित कई विभागीय कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# गणेश भक्ति में डूबा रुपईडीहा, जयकारों से गूंज रहे पूजा पंडाल

**पूजा-अर्चना और आरती में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़**

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा से सटे नगर पंचायत रुपईडीहा में गणेश उत्सव को लेकर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। नगर में दो स्थानों पर भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। प्रतिमाओं के दर्शन और आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। गणेश उत्सव के चलते दोनों पूजा पंडालों में सुबह-शाम आरती एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आरती के दौरान श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। पूजा पंडालों में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना है कि गणेश उत्सव के आयोजन से नगर में धार्मिक उत्साह और आपसी सहभागिता का वातावरण बना है। श्रद्धालु भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्था को लेकर आयोजकों द्वारा भी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। शाम के समय आरती में विशेष रूप से अधिक भीड़ जुट रही है और जयकारों से पूजा पंडाल गूंज उठते हैं।

# अन्नपूर्णा भवन परिसर में जलाया गया आशीर्वाद का दिया

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीघार्यु होने की कामना की**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। गुरुवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी के जन्मदिन पर पूरे जिले में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कहीं मरीजों को फल वितरित किए गए तो कई स्थानों पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया वहीं अन्नपूर्णा भवनों पर दीप जलाकर मोदी जी के दीघार्यु होने की कामना की गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत 2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़े जाने के संबंध में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर खाद एवं रसद विभाग की ओर से तहसील मिहींपुरवा के विकासखंड मिहींपुरवा क्षेत्र की सरकारी राशन की दुकानों तथा अन्नपूर्णा भावनाओं पर आशीर्वाद का दिया जलाया गया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीघार्यु होने की कामना की गई। पूर्ति निरीक्षक कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने चर्चित ग्राम पंचायत सेमरहना में स्थित अन्नपूर्णा भवन मॉडल शाप पर दीप जलाए, इस मॉडल शाप को रंग-बिरंगे झालरों तथा दीपों से जगमग किया गया। पूर्ति निरीक्षक कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मिहींपुरवा ब्लॉक क्षेत्र में आने वाली सभी राशन की सरकारी दुकानों पर दीप जलाकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दीघार्यु होने की कामना की गई। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### फाइनेंस कंपनी के लोगों ने युवक को पीटा

**पीड़ित ने पुलिस पर कार्रवाई न होने का आरोप लगाया, जांच जारी**

बागपत , बड़ौत कोतवाली इलाके में एक युवक से मारपीट का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें चार लोग एक युवक को बुरी तरह पीटते दिख रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित युवक का नाम आदिल है। उसने बताया कि उसने एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी से 11 हजार रुपए का लोन लिया था। इसके बदले में वह 17 हजार रुपए वापस भी कर चुका था। आदिल के मुताबिक, वह फाइनेंस कंपनी के ऑफिस के बाहर से आ रहा था। तभी फाइनेंसर ने उसे रोक लिया। फाइनेंसर के साथ तीन और लोग थे। उन्होंने आदिल को रोका, गाली-गलौज की और फिर बुरी तरह पीटा, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित आदिल का कहना है कि उसने पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मारपीट का यह वीडियो बुधवार रात करीब 10 बजे से सामने आया है। पुलिस अधिकारी वीडियो और पीड़ित की शिकायत के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि वे मारपीट करने वाले लोगों की पहचान कर कार्रवाई करेंगे।

### बागपत में किसानों का धरना

**गन्ने का डाटा न मिलने पर हंगामा, 7 सितंबर को बड़ी पंचायत की चेतावनी**

बागपत ,बड़ौत नगर के छपरौली रोड स्थित मलकपुर गन्ना सोसाइटी का किसानों ने घेराव कर जमकर हंगामा किया। किसान मिल में डाले गए गन्ने का डाटा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। किसानों ने चेतावनी दी कि रविवार तक डाटा उपलब्ध नहीं कराया गया तो 7 सितंबर, सोमवार को मलकपुर सोसाइटी कार्यालय पर बड़ी पंचायत की जाएगी।सोसाइटी चेयरमैन अंकित वीर ने किसानों को डाटा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। अंतर्राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव संजीव दांगी ने कहा कि कोर्ट के 30 साल का ब्याज देने के आदेश को लेकर किसानों को एकजुट होकर बड़े स्तर पर लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने किसानों से 7 सितंबर को अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। मौके पर कई गांवों के किसान मौजूद रहे।

### घर में घुसकर हमला, पिता-पुत्र समेत तीन घायल

बागपत , छपरौली थाना क्षेत्र के तिलवाड़ा गांव में घर में घुसकर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला किया गया है। इस हमले में पिता और उनके दो बेटे घायल हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तिलवाड़ा निवासी सचिन कुमार पुत्र ओमपाल शर्मा ने पुलिस को बताया कि 15 सितंबर की शाम करीब छह बजे गांव के युसुफ पुत्र यासीन, आरिफ पुत्र युसुफ, शाहरुख पुत्र युसुफ और शमशाद पुत्र निजामुद्दीन उनके घर में घुस आए। आरोप है कि इन लोगों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से सचिन कुमार और उनके बेटों अक्षय कुमार व अभिनव कुमार पर जान से मारने की कोशिश में हमला किया।हमले के दौरान सचिन कुमार और उनके बेटे अभिनव कुमार के सिर में गंभीर चोटें आईं।

# आत्मदाह की चेतावनी के बाद सुरक्षा घेरे में शिक्षा निदेशालय

**टीजीटी -पीजीटी भर्ती की पुरानी नियमावली की मांग पर अड़े छात्र**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज में टीजीटी -पीजीटी भर्ती में योग्यता संशोधन और नए विज्ञापन के विरोध में प्रतियोगी छात्रों का प्रदर्शन जारी है। छात्र पुरानी नियमावली और पुराने परीक्षा पैटर्न के आधार पर भर्ती कराने की मांग कर रहे हैं। गुरुवार को शिक्षा निदेशालय का घेराव करने के बाद छात्रों ने शुक्रवार सुबह 10 बजे तक मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होने पर आमरण अनशन और आत्मदाह की चेतावनी दी थी। इसके बाद शुक्रवार को शिक्षा निदेशालय में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। परिसर में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है 17 सितंबर को दोपहर करीब 3 बजे प्रतियोगी छात्रों का एक बड़ा समूह सिविल लाइंस स्थित धरना स्थल से शिक्षा निदेशालय पहुंचा। छात्रों ने वहां नारेबाजी करते हुए टीजीटी -पीजीटी भर्ती में योग्यता के नए प्रावधानों का विरोध किया। वे पुरानी नियमावली और पुराने परीक्षा पैटर्न के आधार पर भर्ती कराने तथा नए विज्ञापन को रद्द करने की मांग पर अड़े रहे। अभ्यर्थियों ने अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) कामता राम पाल को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने छात्रों को उनकी मांगों से उच्चाधिकारियों और शासन को अवगत कराने का आश्वासन दिया। बातचीत के बाद कुछ देर के लिए स्थिति शांत हुई, लेकिन छात्रों ने आंदोलन जारी रखने की बात कही।

### सुबह 10 बजे तक कार्रवाई का अल्टीमेटम

धरना स्थल पर मौजूद छात्रों ने चेतावनी दी कि 18 सितंबर की सुबह 10 बजे तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं हुआ तो वे शिक्षा निदेशालय परिसर में आमरण अनशन और आत्मदाह जैसा कदम उठाएंगे।

# डॉक्टर को लॉकअप में डाला था, मेजा इंस्पेक्टर-विवेचक सस्पेंड

**हाईकोर्ट में याचिका के बाद एसीपी ने जांच की, दोषी मिलने पर कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज , मेजा थाने के प्रभारी इंस्पेक्टर नितेंद्र कुमार शुक्ला और विवेचक इंस्पेक्टर कमलेश यादव को सस्पेंड कर दिया गया है। पुलिस कमिश्नर पीयूष मोर्डिया ने दोनों के खिलाफ यह कार्रवाई लापरवाही के मामले में की है। दोनों पर एक डॉक्टर के खिलाफ दर्ज मुकदमे की कार्रवाई और उसे लॉकअप में रखे जाने से जुड़े मामले में लापरवाही का आरोप है। मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच कराई। एसीपी की जांच में थाना प्रभारी नितेंद्र कुमार शुक्ला और विवेचक कमलेश यादव प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस कमिश्नर ने दोनों को निलंबित कर दिया। मेजा के सोनार का तारा ऊंचडीह में डॉ. कमलेश विश्वास उर्फ सुजल क्लीनिक चलाते हैं। बताते हैं कि पुलिस ने उन्हें फर्जी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के मामले में पकड़ा। मेजा पुलिस ने अभिलेखों की जांच के बाद कई आरोप लगाकर डॉक्टर को जेल भेज दिया। बंगलादेश के नागरिक होने और भारतीय नागरिकता को लेकर पुलिस ने जांच की।

# अमान के हत्यारोपी को बीच सड़क पर 4 गोलियां मारीं

**मेरठ में दोस्त रूबी ने समझौते के लिए बुलाया था, 3 युवकों ने घेरकर फायरिंग की**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,अमान हत्याकांड के आरोपी अमीर अहमद उर्फ अली को बीच सड़क पर 4 गोलियां मारी गईं हैं। दो गोली कमर, एक हाथ और एक पेट के पास लगी है। उसे गढ़ रोड स्थित पारस नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी का डीवीआर कब्जे में लिया है। पुलिस के मुताबिक, फुटेज में रूबी के साथ आए 3 युवक पिस्टल से फायरिंग करते दिखाई दे रहे हैं। रूबी के हाथ में पिस्टल नहीं है। मौके पर 4 राउंड फायरिंग हुई। रूबी ने समझौते की बात के लिए बुलाया था जैदी फार्म निवासी शबाब आलम केबल का कारोबार करते हैं। उनका बेटा अली कपड़ों का काम करता है। शबाब के मुताबिक, गुरुवार शाम करीब चार बजे रूबी ने फोन कर अली को शास्त्रीनगर सेक्टर-4 चौराहे के पास बुलाया था। शबाब के मुताबिक रूबी, अली और अमान पहले दोस्त थे। अमान की हत्या के बाद रूबी ने अली पर हत्या करने का आरोप लगाया था। शबाब का कहना है कि धमकी देने के मामले में समझौते और बातचीत के लिए रूबी ने अली को बुलाया था। अली स्कूटी से वहां पहुंचा बातचीत के बाद जब अली स्कूटी मोड़कर लौटने लगा, तभी रूबी के साथ 3 युवक वहां पहुंच गए। तीनों युवकों ने अली को घेरकर पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से अली स्कूटी समेत सड़क पर गिर गया।

इसके बाद आरोपी बाइक और स्कूटी से फरार हो गए।

पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चिह्नित किए। उनकी फुटेज की सहायता से वारदात को अंजाम देने वालों की तलाश की जा रही है।

# डीवीपीएसटी केंद्र से कंप्यूटर-सीसीटीवी की हार्ड डिस्क गायब

**एसएसपी बोले- मुख्य सर्वर में सुरक्षित है भर्ती का डेटा, जांच के आदेश दिए**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,डीवीपीएसटी टीवी (डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एंड फिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट) केंद्र से कंप्यूटर और सीसीटीवी की हार्ड डिस्क गायब होने के मामले में नया मोड़ आया है। एसएसपी बीबी जीटीएस मूर्ति ने केंद्र से भर्ती से जुड़ा डाटा गायब होने की सूचना को भ्रामक बताया है। उन्होंने मामले की जांच एसपी लाइन को सौंपी है। दरअसल, 9 सितंबर को लिपिक संवर्ग के पुलिसकर्मी कमल सैनी डीवीपीएसटी केंद्र पहुंचे थे। वहां उन्हें एक कंप्यूटर सिस्टम गायब मिला। बताया गया कि इसी सिस्टम में पुलिस और होमगार्ड भर्ती के नाप-तौल और शैक्षिक प्रमाण पत्रों के सत्यापन से संबंधित डाटा रखा जाता था। कमल सैनी ने अपने स्तर से जानकारी जुटानी शुरू की। स्टोर के प्रभारी हेड कांस्टेबल बेबी से पूछताछ की तो उन्होंने भी कंप्यूटर के बारे में जानकारी होने से इनकार किया। अगले दिन कार्यालय में डीवीपीएसटी की ऊश्फ से जुड़ी दो हार्ड डिस्क और करीब 700 मीटर वायर भी गायब मिली।

### 24 घंटे बाद आरआई को दी गई जानकारी

कमल सैनी ने घटना की जानकारी मिलने के बाद अपने स्तर से पड़ताल जारी रखी। करीब 24 घंटे से अधिक समय बाद उन्होंने आरआई हरपाल सिंह को मामले की जानकारी दी। आरोप है कि मामले में गंभीरता नहीं दिखाई गई और आरआई इसके बाद छुट्टी पर चले गए इसके बाद मामले की जानकारी एसपी क्राइम को दी गई। बताया गया कि लखनऊ से डीवीपीएसटी केंद्र पर रखे कंप्यूटर सिस्टम में मौजूद कुछ डाटा मांगा गया था। सिस्टम नहीं मिलने की जानकारी सामने आने के बाद एसपी क्राइम ने रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए।

### साइबर थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट

एसपी क्राइम के निर्देश पर मामले में साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। कई लोगों से पूछताछ की जा चुकी है, हालांकि अभी तक कंप्यूटर, हार्ड डिस्क और अन्य सामान की रिकवरी नहीं हुई है।

### एसएसपी बोलीं- मुख्य सर्वर में सुरक्षित है डाटा

मामला एसएसपी बीबी जीटीएस मूर्ति तक पहुंचने के बाद उन्होंने जांच के आदेश दिए।

एसएसपी ने से संबंधित डाटा और अभिलेख गायब होने की सूचना का खंडन किया।

# 7 महीने से लापता किशोर ऋषिकेश से बरामद

**परिवार से नाराज होकर घर छोड़ा था, सीसीटीवी से तलाशते हुए पहुंची पुलिस**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ के टीपीनगर क्षेत्र से सात माह से लापता चल रहे किशोर को पुलिस ने ऋषिकेश से बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक, किशोर 23 फरवरी को परिवार से नाराज होकर घर से निकला था और इसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी तलाश के बाद गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के जरिए उसकी तलाश शुरू की और जांच हरिद्वार से होते हुए ऋषिकेश एम्स तक पहुंची, जहां से बुधवार को किशोर को बरामद किया गया मेरठ लाने के बाद पुलिस ने किशोर की काउंसलिंग की। उसने बताया कि वह अलग-अलग जगहों पर रहा और कुछ जगह काम भी किया। काउंसलिंग के बाद पुलिस ने उसे परिजनों को सौंप दिया। पहले भी घर छोड़ चुका था किशोर एसएचओ टीपीनगर अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि 23 फरवरी को किशोर परिजनों से नाराज होकर घर से चला गया था। परिवार ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन जानकारी नहीं मिली। इसके बाद थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि किशोर इससे पहले भी घर छोड़कर जा चुका है। उस समय उसे हरिद्वार से बरामद किया गया था। इस बार परिवार ने हरिद्वार में भी उसकी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका।

### सीसीटीवी से हरिद्वार और फिर ऋषिकेश पहुंची पुलिस

पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने के बाद किशोर की तलाश शुरू की। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज के आधार पर पुलिस पहले हरिद्वार पहुंची और फिर उसकी लोकेशन ऋषिकेश एम्स तक मिली। पुलिस ने ऋषिकेश पहुंचकर किशोर को बरामद कर लिया।

# पेड़ तोड़कर 5 फीट नीचे गिरी स्कूल वैन

**गाड़ी में बैठे बच्चे सुरक्षित, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , सुबह बच्चों को लेकर जा रही स्कूल वैन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई और उसे तोड़ते हुए करीब 5 फीट नीचे सर्विस लेन पर जा गिरी। हादसे के बाद वैन में चीख-पुकार मच गई। गनीमत रही कि वैन पलटी नहीं और उसमें सवार बच्चे सुरक्षित रहे। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। हादसा विजयनगर क्षेत्र में सुबह करीब 7:30 बजे हुआ। ऊअश स्कूल की वैन बच्चों को लेकर जा रही थी। इसी दौरान अचानक वैन अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराने के बाद सर्विस लेन पर जा गिरी।हादसे के बाद आसपास के लोग मौके की तरफ दौड़ते हुए। सीसीटीवी में दिखा पूरा हादसा सीसीटीवी में दिख रहा है कि एक व्यक्ति सड़क किनारे पैदल जा रहा था। वैन उसके पास से गुजरते हुए अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई। व्यक्ति कुछ कदम दूर था, इसलिए वह दौड़कर बच गया। इसके बाद वह तुरंत वैन की तरफ पहुंचा और खिड़की खोलकर बच्चों को बाहर निकालने में मदद की। आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। ड्राइवर समेत सभी सुरक्षितसूचना मिलने पर विजयनगर पुलिस मौके पर पहुंचऔर घटना की जानकारी ली। विजयनगर रल्डड धर्मपाल सिंह ने बताया कि वैन अनियंत्रित होकर कैसे सर्विस लेन पर गिरी, इसकी जांच की जा रही है। ड्राइवर समेत सभी लोग सुरक्षित हैं। हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। पुलिस के मुताबिक वैन पलटी नहीं थी, बल्कि पेड़ को तोड़ते हुए सीधे सर्विस लेन पर उतर गई। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# दिग्विजय भाटी का पुलिस से समझौता

**बोले- थर्ड डिग्री मामले में कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते, मोहित जाटव ने कहा- लड़ाई जारी रखूंगा**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,19 अगस्त को किसान नेता डॉ. दिग्विजय भाटी और मोहित जाटव के साथ कथित मारपीट व थर्ड डिग्री के मामले में नया मोड़ आया है। डॉ. दिग्विजय भाटी के पुलिस अधिकारियों के साथ समझौता करने और जांच अधिकारी को शपथपत्र देने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि भाटी ने अब किसी तरह की कानूनी कार्रवाई नहीं चाहने की बात कही है। वहीं, उनके साथ रहे मोहित जाटव ने खुद को समझौते से अलग कर लिया है और कहा है कि वह 19 अगस्त की घटना को लेकर अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। मोहित का कहना है कि जरूरत पड़ी तो वह हाईकोर्ट जाएंगे और तत्कालीन एसएसपी अविनाश पांडेय समेत आरोपित पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग करेंगे। भाटी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका मोबाइल स्विच ऑफ मिला और मैसेज का भी जवाब नहीं आया।

### प्रेसवार्ता के बाद गरमाया था मामला

19 अगस्त की घटना के बाद सपा विधायक अतुल प्रधान ने प्रेसवार्ता कर तत्कालीन एसएसपी अविनाश पांडेय, सिविल लाइंस के तत्कालीन इंस्पेक्टर अखिलेश गौड़ और अन्य पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए थे। भाटी और मोहित ने भी पुलिस कार्यालय और एसओजी कार्यालय में मारपीट व प्रताड़ना के आरोप लगाए थे पुलिस ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि दोनों को स्कूटी फिसलने से चोट लगी थी। मामला बढ़ने के बाद तत्कालीन एसएसपी अविनाश पांडेय को पद से हटाकर मुख्यालय संबद्ध किया गया था। अखिलेश गौड़ समेत आठ पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया, जबकि बाद में गौड़ को निलंबित भी किया गया। मामले की जांच सहारनपुर के डीआईजी अभिषेक सिंह को सौंपी गई थी।


### जांच के बीच सामने आया समझौता

जांच के दौरान डीआईजी ने पुलिस कार्यालय और एसओजी कार्यालय का निरीक्षण किया था। सीसीटीवी फुटेज, ड्यूटी रिकॉर्ड और अन्य साक्ष्यों की जांच के साथ संबंधित लोगों के बयान भी दर्ज किए गए थे। इसी बीच अब भाटी की ओर से शपथपत्र दिए जाने की बात सामने आई है। उपलब्ध रिपोर्टों के मुताबिक, इसमें उन्होंने मामले में आगे कानूनी कार्रवाई नहीं चाहने की बात कही है। हालांकि समझौता किन शर्तों पर हुआ और शपथपत्र में पूरी तरह क्या लिखा है, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। दूसरी ओर, मोहित जाटव ने कहा है कि वह इस मामले में पीछे नहीं हटेंगे। उनका दावा है कि उन पर भी समझौते के लिए दबाव बनाया गया था, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जानकारी विधायक अतुल प्रधान और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी दी है।

# 2200 कैमरों से होगी नोएडा की निगरानी

**सेक्टर-94 में बनेगा नया कंट्रोल रूम, सेफ सिटी प्रोजेक्ट के लिए 130 से ज्यादा कंपनियां पहुंचीं**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , सुरक्षित बनाने के लिए 217 करोड़ रुपए के सेफ सिटी प्रोजेक्ट की टेंडर प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। सेक्टर-96 स्थित प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक भवन में प्री-बिड मीटिंग हुई। इसमें मास्टर सिस्टम इंटीग्रेटर और ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर की 130 से ज्यादा कंपनियों के प्रतिनिधि पहुंचे। बैठक में एसीईओ वंदना त्रिपाठी और जीएम एसपी सिंह मौजूद रहे। कंपनियों ने प्रोजेक्ट के काम, तकनीकी मानकों, पात्रता और समय सीमा से जुड़े सवाल पूछे। अधिकारियों ने ज्यादातर सवालों के जवाब बैठक में ही दिए। 2200 कैमरों से 20 हजार लोकेशन पर नजर सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत नोएडा में करीब 2200 हाईटेक कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों को करीब 20 हजार लोकेशन से जोड़ा जाएगा। इससे मुख्य सड़कों के साथ गलियों और शहर के दूसरे हिस्सों पर भी नजर रखी जा सकेगी। सेक्टर-94 में बनेगा नया कंट्रोल रूम प्रोजेक्ट के लिए सेक्टर-94 में बने इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के ऊपर नया कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। इसे मौजूदा कंट्रोल रूम से भी जोड़ा जाएगा। ग्रेटर नोएडा और यमुना क्षेत्र को भी भविष्य में इस सिस्टम से जोड़ने की व्यवस्था रखी गई है।

# खिलौना पिस्टल दिखाकर करते थे लूटपाट

**नोएडा पुलिस ने 24 मोबाइल के साथ 4 को किया गिरफ्तार, 16 सितंबर को मिली थी शिकायत**

अमन लेखनी समाचार




नोएडा ,खिलौना पिस्टल दिखाकर लोगों से मोबाइल और सामान लूटने वाले गैंग का सेक्टर-63 पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने गैंग के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 24 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, 8 हजार रुपये, चाकू, खिलौना पिस्टल और वारदात में इस्तेमाल दो बाइक बरामद हुई हैं। डीसीपी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 16 सितंबर को एक व्यक्ति ने सेक्टर-63 थाने में शिकायत दी थी कि बदमाश उसका बैग छीनकर ले गए। बैग में लैपटॉप, चार्जर, मोबाइल और पर्स था। पर्स में आधार कार्ड और पैन कार्ड भी रखे थे। शिकायतकर्ता के खाते से 11,600 रुपये निकालने की बात भी सामने आई थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। 17 सितंबर को पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर एफएनजी गोल चक्कर से बहलोलपुर अंडरपास की तरफ जाने वाली सर्विस रोड से चारों को गिरफ्तार कर लिया। 23 मोबाइल के बारे में जानकारी जुटा रही पुलिस गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गर्वित गोयल (20), अमन (21), रोहित कुमार (24) और हर्ष कुमार (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक मामले से जुड़े मोबाइल और लैपटॉप के अलावा 23 अन्य मोबाइल भी बरामद किए हैं। पुलिस अब बरामद मोबाइल के बारे में जानकारी जुटा रही है कि इन्हें कहां-कहां से लूटा या छीना गया था।

# नाबालिगों को आगे रखकर मोबाइल स्नैचिंग

**दिल्ली में खपाते मोबाइल के पार्ट्स, माइनर समेत 5 पकड़े; 22 मोबाइल बरामद**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,सेक्टर-58 पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी और स्नैचिंग करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो बाल अपचारियों को भी संरक्षण में लिया है। इनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, स्नैचिंग और चोरी के 22 मोबाइल फोन और दो अवैध चाकू बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, गैंग करीब दो महीने से नोएडा में सक्रिय था।एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया- गैंग के सदस्य स्नैचिंग के दौरान नाबालिगों को आगे रखते थे, ताकि उन पर जल्दी किसी को शक न हो। आरोपी चोरी की बाइक से नोएडा और एनसीआर में मोबाइल फोन छीनते थे। इसके बाद चोरी किए गए मोबाइल को अलग-अलग करके उनके पार्ट्स दिल्ली में बेच दिए जाते थे। लक्ष्मी नगर की दुकान पर बेचता था मोबाइल पुलिस के मुताबिक, गैंग का आरोपी अतुल गौतम चोरी और स्नैचिंग के मोबाइल दिल्ली के लक्ष्मी नगर मार्केट में एक दुकान पर बेचता था। मोबाइल बेचने से मिले पैसे को आरोपी आपस में बांट लेते थे। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि दिल्ली में जिस दुकान पर मोबाइल बेचे जाते थे, वहां से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका क्या है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल का इस्तेमाल वारदात के लिए करते थे।

# बामौर में जेएमएस लाइब्रेरी का हुआ शुभारंभ, विद्यार्थियों को मिलेगा अध्ययन का बेहतर माहौल

अमन लेखनी समाचार



बामौर। बामौर में पुलिस चौकी के पास जेएमएस लाइब्रेरी का उद्घाटन समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर लाइब्रेरी के संचालकों को शुभकामनाएं दीं। लाइब्रेरी का संचालन सुनील सर, जय सर एवं अखिलेश सर द्वारा किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में खंड विकास अधिकारी गौरव कुमार, ग्राम प्रधान बामौर संजय कुमार गुप्ता, हरिकांत पटेल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की लाइब्रेरी शुरू होने से विद्यार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को अध्ययन के लिए सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध होगा। लाइब्रेरी में नियमित अध्ययन के साथ युवाओं को अपनी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों को बेहतर बनाने में भी सहायता मिलेगी। लाइब्रेरी के संचालकों ने बताया कि उनका उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को शांत एवं व्यवस्थित अध्ययन का माहौल उपलब्ध कराना है, ताकि क्षेत्र के छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई पर बेहतर ढंग से ध्यान केंद्रित कर सकें। उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने खटर छु११८ के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संचालकों को शुभकामनाएं दीं।

# अमिलिया खेड़ा में ग्रामीणों ने किया पौधरोपण



अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां क्षेत्र के भगवानपुर मजरा अमिलिया खेड़ा में शुक्रवार को सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत पौधरोपण अभियान चलाया गया कार्यक्रम ग्राम प्रधान कुसुम लता सोनी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ इस दौरान ग्रामीणों ने फलदार और छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पहुंचे वन विभाग के डिप्टी रेंजर रईस खान ने ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि पेड़-पौधे जीवन के लिए बेहद जरूरी उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। पौधरोपण अभियान में ग्राम प्रधान पति सत्य प्रकाश सोनी, प्रतिनिधि कृष्ण गोपाल सोनी हिमांशू सोनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए सभी ने गांव को हरा-भरा बनाने और लगाए गए पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया।

# विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों को लेकर डीएम ने परखी व्यवस्थाएं

**पोलिंग पार्टियों की रवानगी से लेकर मतगणना तक की व्यवस्थाओं का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण.**

**स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष, प्रशिक्षण स्थल व वाहनों के आवागमन की व्यवस्था का लिया जायजा।**

**राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज चुर्क को प्रशिक्षण स्थल के रूप में किया गया चिन्हित।**

**निर्वाचन की प्रत्येक व्यवस्था का पहले से हो सुव्यवस्थित प्रबंधन- जिलाधिकारी।**

**मतगणना की व्यवस्थाओं का भी किया बारीकी से निरीक्षण।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने अभी से व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने की दिशा में कार्य शुरू कर दिया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज लोढ़ी एवं राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज चुर्क का स्थलीय निरीक्षण कर निर्वाचन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। जिलाधिकारी ने मतदान पार्टियों की रवानगी, मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष के लिए प्रस्तावित स्थलों को देखा। उन्होंने विशेष रूप से यह जानकारी ली कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी के समय बसें एवं अन्य वाहन कहां खड़े होंगे, वाहनों के प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था किस प्रकार रहेगी तथा मतदान कार्मिकों को ड्यूटी वितरण किस स्थान से और किस प्रकार किया जाएगा। जिलाधिकारी ने मतगणना के लिए प्रस्तावित हॉलों का निरीक्षण करते हुए मतगणना एजेंटों के प्रवेश द्वार, स्ट्रांग रूम के लिए उपयुक्त स्थान तथा मतगणना से जुड़ी अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक व्यवस्था को इस प्रकार तैयार किया जाए कि निर्वाचन के दौरान मतदान कार्मिकों एवं निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अन्य लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

खास समाचार

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कलराज मिश्र की धर्मपत्नी सत्यवती मिश्र के निधन पर अर्पित की श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ/गौतम बुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को गौतम बुद्ध नगर में भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र की धर्मपत्नी सत्यवती मिश्र के निधन के उपरांत उनके आवास पर पहुंचकर दिवंगत पुण्यात्मा के स्मृति-चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## वार्ड नंबर 21 में सड़क की बदहाली, स्कूली बच्चों और कॉलोनीवासियों की बढ़ी परेशानी,

अमन लेखनी समाचार

मोहनापुर, पादरी बाजार – वार्ड नंबर 21 स्थित डिवाइन स्कूल रोड लंबे समय से खराब होने के कारण स्थानीय लोगों और स्कूली बच्चों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय कॉलोनीवासियों के अनुसार, कई महीनों से सड़क की स्थिति खराब है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढों और खराब रास्ते के कारण स्कूली बच्चों को विशेष रूप से दिक्कत हो रही है, स्थानः वार्ड नंबर 21, मोहनापुर, जंगल हकीम नंबर 2 पादरी बाजार गोरखपुर, के के श्रीवास्तव की रिपोर्ट,

## मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई

अमन लेखनी समाचार

धनबाद। धनबाद मंडल में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा अपने कार्यस्थल एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा रखने का आह्वान किया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के प्रथम दिन ही स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मंडल पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक द्वारा केंद्रीय विद्यालय में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। सत्र में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम (रहट-2026) की जानकारी देते हुए गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण, कचरे के उचित निस्तारण तथा पर्यावरण संरक्षण में इन नियमों की महत्वपूर्ण भूमिका को सरल एवं सहज भाषा में समझाया गया।

## कूटरचित बिल तैयार कर तेंदूपत्ता की अवैध तस्करी करने वाले 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुधीर कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रायपुर विजय कुमार चौरसिया के नेतृत्व में थाना रायपुर पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई।

# रंगोली प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाई कला प्रतिभा

अमन लेखनी समाचार




गरौठा। शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय गरौठा में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक एवं सुंदर रंगोली बनाकर अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुल 16 ग्रुपों ने प्रतिभाग किया। प्रत्येक ग्रुप में चार-चार छात्राएं शामिल रहीं, जबकि एक ग्रुप में छात्रों ने भी प्रतिभाग कर अपनी कला प्रतिभा प्रस्तुत की। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोलियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता के समापन के बाद प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार मिश्रा द्वारा मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यालयों में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ कला एवं रचनात्मक कौशल के प्रति रुचि बढ़ती है। ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए, जिससे बच्चों की प्रतिभा को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। कार्यक्रम में पार्षद भारती अग्रवाल, जगदीश सागर, दीपक गुप्ता, महेंद्र सुमन, शैलेश अग्रवाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार, सहायक अध्यापक भानुप्रताप सिंह, पवन कुमार, अतुल गौर सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत हुआ रक्तदान

**रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित, जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया उत्साह।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद सोनभद्र में विभिन्न प्रमुख स्थलों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। इसी क्रम में म्योरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार द्वारा रक्तदाता प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोरावल में माननीय विधायक घोरावल डॉ. अनिल कुमार मौर्य की उपस्थिति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सेवा एवं मानवता का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक डॉ. अनिल कुमार मौर्य ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान मानव जीवन बचाने का पुनीत कार्य है। रक्त की आवश्यकता किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है, ऐसे में स्वस्थ व्यक्तियों द्वारा किया गया रक्तदान जरूरतमंदों के लिए जीवनदायी साबित होता है। उन्होंने लोगों से आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। वहीं मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में सदर विधायक भूपेश चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, पूर्व सांसद नरेंद्र सिंह कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस अवसर पर समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ ने कहा कि रक्तदान महादान के समान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद के प्रमुख चिन्हित स्थलों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में अधिक से अधिक लोग सहभागी होकर रक्तदान कर रहे हैं।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर विकास भवन परिसर में लगी विकास प्रदर्शनी

**केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विकासपरक योजनाओं एवं उपलब्धियों को प्रदर्शनी के माध्यम से किया गया प्रदर्शित।**

**भाजपा जिलाध्यक्ष ने जनपदवासियों से प्रदर्शनी का अवलोकन करने की अपील की।**

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज 17 सितम्बर 2026 को विकास भवन परिसर, सोनभद्र में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, सोनभद्र द्वारा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं, विकास कार्यों तथा उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी प्रसाद एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती जागृति अवस्थी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में अनेक विकासपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन्हीं योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह प्रदर्शनी आयोजित की गई है।

# सिरी आश्रम का निमंत्रण पहुंचा मैक्लोडगंज

## दलाई लामा से मिले 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सोनभद्र आने का दिया न्योता

अमन लेखनी समाचार

डाला/सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के बेलहत्थी स्थित सिरी आश्रम (बुद्ध विहार) से निकला आमंत्रण हिमाचल प्रदेश के मैक्लोडगंज तक पहुंच गया है। सिरी आश्रम से जुड़े 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मैक्लोडगंज पहुंचकर दलाई लामा से मुलाकात की और उन्हें सोनभद्र आने का औपचारिक निमंत्रण दिया। प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 22 नवंबर को सिरी आश्रम में वषार्वास समाप्ति के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशेष समारोह में शामिल होने का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल के दलाई लामा से मुलाकात की खबर सामने आने के बाद सिरी आश्रम से जुड़े लोगों और क्षेत्र के अनुयायियों में उत्साह का माहौल है। आगामी समारोह को लेकर चचाएं भी तेज हो गई हैं।

### 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

सिरी आश्रम की ओर से 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मैक्लोडगंज पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने दलाई लामा से मुलाकात कर उन्हें सोनभद्र के बेलहत्थी स्थित सिरी आश्रम के बारे में जानकारी दी। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल की ओर से आगामी 22 नवंबर को आयोजित होने वाले वषार्वास समाप्ति समारोह के संबंध में विस्तार से जानकारी साझा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने दलाई लामा से समारोह में शामिल होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाने का अनुरोध करते हुए उन्हें सोनभद्र आने का निमंत्रण दिया। मुलाकात के दौरान सिरी आश्रम की ओर से दलाई लामा को आश्रम का स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया।

### 22 नवंबर को आयोजित होगा विशेष समारोह

प्रतिनिधिमंडल से जुड़े विकास शाक्य ने बताया कि आगामी 22 नवंबर को वषार्वास समाप्ति के अवसर पर सिरी आश्रम में विशेष समारोह आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इसी कार्यक्रम में दलाई लामा को आमंत्रित करने के उद्देश्य से प्रतिनिधिमंडल मैक्लोडगंज पहुंचा था। उन्होंने बताया कि मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने दलाई लामा को सिरी आश्रम आने का निमंत्रण दिया और आयोजन के संबंध में जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने दलाई लामा के साथ हुई इस मुलाकात को महत्वपूर्ण बताया।

### निमंत्रण के साथ पहुंची सोनभद्र की पहचान

मैक्लोडगंज में हुई मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने केवल समारोह का निमंत्रण ही नहीं दिया, बल्कि सिरी आश्रम का स्मृति चिन्ह भेंट कर सोनभद्र की पहचान और आश्रम से जुड़े धार्मिक-सांस्कृतिक संबंधों को भी सामने रखा। बेलहत्थी स्थित सिरी आश्रम क्षेत्र में बौद्ध परंपरा और आध्यात्मिक गतिविधियों से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों में माना जाता है। ऐसे में दलाई लामा को यहां आयोजित होने वाले समारोह के लिए आमंत्रित किया जाना स्थानीय अनुयायियों के बीच विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है।

### दलाई लामा के आगमन को लेकर उत्सुकता

प्रतिनिधिमंडल की दलाई लामा से मुलाकात के बाद अब 22 नवंबर के वषार्वास समाप्ति समारोह को लेकर सिरी आश्रम से जुड़े लोगों की निगाहें उनके संभावित आगमन पर टिकी हैं। दलाई लामा समारोह में शामिल होते हैं या नहीं, इसे लेकर अभी अंतिम स्थिति सामने आना बाकी है।

# होली एरच महोत्सव के आयोजन स्थल को भव्य रूप देने की मांग

**मड़ियाघाट पर मुक्ताकाशी मंच बनाने और पर्यटन विकास कार्य कराने की पर्यटन मंत्री से मांग**

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव



एरच। होली एरच महोत्सव के आयोजन स्थल मड़ियाघाट को भव्य स्वरूप देने तथा वहां मुक्ताकाशी मंच का निर्माण कराकर महोत्सव आयोजित कराने की मांग उठाई गई है। श्री भक्त प्रहलाद जन कल्याण संस्थान एरच के अध्यक्ष एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित चौरसिया ने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से मुलाकात कर इस संबंध में मांग रखी। अमित चौरसिया ने कहा कि धार्मिक एवं ऐतिहासिक मान्यताओं के अनुसार एरच से होली पर्व की शुरूआत मानी जाती है। ऐसे में एरच में आयोजित होने वाले होली एरच महोत्सव को व्यापक स्तर पर आयोजित कर क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं धार्मिक पहचान को पर्यटन से जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने पर्यटन विभाग द्वारा प्रतिवर्ष सरकारी महोत्सव के लिए करीब 10 लाख रुपये की धनराशि दिए जाने, लगभग पौने पांच करोड़ रुपये की लागत से मड़ियाघाट घाट निर्माण तथा किला हनुमान गढ़ी पर भक्त प्रहलाद एवं भगवान नरसिंह की कांस्य प्रतिमा स्थापित किए जाने की स्वीकृति का उल्लेख किया। उन्होंने मांग की कि मड़ियाघाट पर मुक्ताकाशी मंच का निर्माण कराया जाए, ताकि होली एरच महोत्सव का आयोजन इसी ऐतिहासिक स्थल पर भव्य रूप से किया जा सके। उन्होंने एरच में अन्य पर्यटन सुविधाओं के विकास, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के सौंदर्यीकरण तथा मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की भी मांग की। उनका कहना था कि पर्यटन विकास से एरच को प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों में पहचान मिल सकती है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल, सुधीर सिंह, एमएलसी रमा निरंजन सहित जिला संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन 20 से 27 सितंबर तक

**मत्स्य पालकों, महिला, स्वयं सहायता समूहों एवं इच्छुक लाभार्थियों को योजना का लाभ लेने का अवसर**

**अवशेष लक्ष्य के सापेक्ष पात्र लाभार्थी विभागीय पोर्टल पर करें ऑनलाइन आवेदन।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं में उपलब्ध अवशेष लक्ष्य के सापेक्ष जनसामान्य को योजना का लाभ प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इसके लिए विभागीय पोर्टल ँ३३स्र://ह्रौँश्ली२.४स्त्र.ॅड्ड५.ल्ल को पुनः 20 सितंबर 2026 से 27 सितंबर 2026 तक खोला जा रहा है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 27 सितंबर 2026 निर्धारित है। योजना के अंतर्गत जलाशय में 65,000 मत्स्य अंगुलिका संचय कार्यक्रम (सामान्य, महिला एवं अनुसूचित जाति), जनपद गोरखपुर, देवरिया, बस्ती, संत कबीर नगर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, बहराइच, बांदा, महोबा एवं फतेहपुर के लिए इंह्य८१फिअर की 241 यूनिट (महिला वर्ग) तथा प्रदेश के समस्त जनपदों के लिए पारंपरिक मछुआरों के परिवारों हेतु आजीविका एवं पोषण संबंधी सहायता परियोजनाओं के अंतर्गत 500 यूनिट (सामान्य, महिला एवं अनुसूचित जाति) के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। योजनान्तर्गत परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत, आवेदन की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले आवश्यक अभिलेख तथा अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल ँ३३स्र://ह्रौँश्ली२.४स्त्र.ॅड्ड५.ल्ल पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त मत्स्य विभाग के जनपदीय, मंडलीय एवं सहायक निदेशक मत्स्य के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

रोचक जानकारी
प्रत्यूष शर्मा

# अनूठी भौगोलिक स्थिति वाले विश्व के ये खूबसूरत शहर



बच्चो, दुनिया में कुछ शहर ऐसे हैं जो खूबसूरती के साथ-साथ अपनी अनोखी भौगोलिक स्थिति के लिए भी मशहूर हैं। कोई शहर दो पहाड़ों की संकरी घाटी में बसा है, तो कोई दो महाद्वीपों में फैला हुआ है! कोई घने जंगलों से, कोई नदियों से तो कोई पहाड़ों और ग्लेशियरों से घिरा है। इतना ही नहीं, एक शहर तो पानी में तैरता हुआ भी है। ऐसे ही कुछ अनूठे शहरों के बारे में जानो।

## पहाड़ों और ग्लेशियरों से घिरा लॉन्गयेरब्येन, नॉर्वे


**लॉन्गयेरब्येन, नॉर्वे** की एक बेहद अनोखी आर्कटिक बस्ती है। स्वालबार्ड द्वीपसमूह के स्पिट्सबर्गेन द्वीप पर स्थित यह बस्ती उत्तरी ध्रुव से करीब 1,316 किमी. दूर है। यह दुनिया के सबसे उत्तरी भाग में स्थित स्थायी आबादी वाली बड़ी बस्तियों में से एक है। यह बस्ती, जो एक शहर के रूप में बसी है, चारों तरफ से बर्फीले पहाड़ों और ग्लेशियरों और से घिरी है। लॉन्गयेरब्येन में दिन और रात के अनुभव बिल्कुल अलग होते हैं। सर्दियों में यहां कई हफ्तों तक सूरज नहीं निकलता, इसे पोलर नाइट कहते हैं। दूसरी तरफ गर्मियों में कई महीनों तक सूरज डूबता ही नहीं, इसे मिडनाइट सन कहते हैं। गर्मियों में आधी रात को भी बाहर ऐसा लग सकता है, जैसे दिन हो। *

## घने जंगलों-नदियों से घिरा इक्विटोस, पेरू



**बच्चो, तुम्हें** यह जानकर आश्चर्य होगा, पेरू के अमेजन क्षेत्र के सबसे बड़े महानगर तक सड़क मार्ग से पहुंचा नहीं जा सकता। हम बात कर रहे हैं पेरू के एक शहर इक्विटोस की, जो अमेजन नदी के बाएं किनारे पर बसा है। यहां केवल हवाई या जलमार्ग से ही पहुंचा जा सकता है। इसका कारण यह है, यह स्थान घने जंगलों और नदियों से घिरा हुआ है। हालांकि शहर को बाहर से जोड़ने वाली कोई सड़क नहीं है, लेकिन शहर के चारों ओर सड़कें हैं। शहर से बाहर जाने वाली एकमात्र सड़क नौटा नामक छोटे कस्बे पर आकर रुक जाती है। इक्विटोस अमेजन के विविध पारिस्थितिक तंत्रों के संरक्षण के लिए जाना जाता है। *

## तैरता हुआ प्राचीन शहर वेनिस, इटली



**वेनिस, इटली** का एक प्रसिद्ध और बेहद खूबसूरत शहर है। यह अपनी नहरों, ऐतिहासिक इमारतों और अनोखी जल-परिवहन व्यवस्था के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। वेनिस लगभग 118 छोटे-छोटे द्वीपों पर बसा है, जिन्हें सैकड़ों पुल आपस में जोड़ते हैं। यहां सड़क यातायात बहुत कम है। लोगों के आने-जाने के लिए नावों का विशेष महत्व है। इस शहर में पहुंचकर ऐसा लगता है मानो इसकी जलधाराएं ही इसकी सड़कें हों। असंख्य नहरें तरह-तरह की मोटर चालित नावों से भरी रहती हैं। 400 से अधिक पुलों द्वारा शहर बंधा हुआ प्रतीत होता है। यह प्राचीन तैरता हुआ शहर इंजीनियरिंग का एक अद्भुत नमूना है। *

## गहरी घाटी के ऊपर बसा ला पाज, बोलीविया



**बच्चो, एक** ऐसे शहर की कल्पना करो, जो एक गहरी घाटी के ऊपर बसा हो। यह सुनने में अजीब लगता है न! ला पाज, बोलिविया का एक ऐसा शहर है, जो चोकेयापु नदी द्वारा निर्मित एक घाटी में बसा है। यह नदी शहर के बीचों-बीच बहती है। ऐसी भौगोलिक स्थिति से यह शहर अपने पहाड़ी और बेहद ऊबड़-खाबड़ भू-भाग के लिए जाना जाता है। यह समुद्र तल से लगभग 3,650 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जो इसे सबसे अधिक ऊंचाई वाला शहर बनाता है। *

## दो महाद्वीपों में फैला शहर इस्तांबुल, तुर्किए



**बोस्फोरस जलडमरूमध्य** के दोनों ओर तुर्किए देश का सबसे बड़ा शहर इस्तांबुल बसा हुआ है। यह शहर एक ऐसी भौगोलिक स्थिति में विकसित हुआ है, जहां जलडमरूमध्य शहर को दो महाद्वीपों में विभाजित करता है। मतलब इस्तांबुल, एशिया और यूरोप दोनों में फैला हुआ है। इस तरह स्थित होने वाला यह एकमात्र शहर है। एक समय था, जब इस्तांबुल का नाम कॉन्स्टेंटिनोपल था, तब काला सागर और भूमध्य सागर के बीच व्यापार को सुगम बनाने के लिए इस स्थान का रणनीतिक रूप से चयन किया गया था। *

## दुनिया का सबसे संकरा शहर यनजिन, चीन



अगर कोई शहर दो विशाल पहाड़ों के बीच संकरी घाटी से घिरा हो तो कैसा लगेगा, अनूठा ना! चीन का यंजिन काउंटी शहर कुछ ऐसा ही है। दुनिया के सबसे संकरे शहर के रूप में मशहूर यंजिन, यांग्त्जी नदी के किनारे बसी एक संकरी घाटी में बसा है। इस शहर के किनारे यांग्त्जी नदी घुमावदार रास्तों से होकर बहती है, जो इस शहर को और खूबसूरत बना देती है। इस शहर का सबसे संकरा हिस्सा सिर्फ 30 मीटर चौड़ा है। इमारतें एक-दूसरे से सटी हुई हैं। *

---

नन्ही सुबू को टीवी देखना और कहानी सुनना बहुत भाता है। इस दौरान भोली-भाली सुबू की बातें और हरकतें जिस तरह की होती हैं, किसी को भी हंसा सकती हैं। सुबू ऐसा क्या बोल या कर जाती है, तुम भी इसका मजा लो।

# साउंड दो





छोटी कहानी
संजीव ठाकुर

सुबू अभी दो-ढाई साल की भी नहीं हुई है, लेकिन टीवी चल रहा हो तो अपना खेल छोड़कर टीवी के पास आकर खड़ी हो जाती है। उसकी आंख पर असर न हो, यह सोचकर पापा बड़े प्यार से उसे वहां से उठाकर ले आते हैं, सोफे पर अपनी गोद में बैठा लेते हैं। वह वहीं से टुकुर-टुकुर टीवी देखती रहती है। कार्यक्रम के बीच में जब ब्रेक होता है, पापा रिमोट से आवाज को म्यूट कर देते हैं। सुबू को लगता है कि कुछ तो हुआ है। वह पापा का मुंह देखने लगती है। फिर शायद उसे लगता है कि टीवी बंद हो गया है। वह जो थोड़े-बहुत शब्द सीख पाई है, उसी के सहारे अपनी बात रखती है, 'टीवी चलाओ!'

पापा उसे कहते हैं, 'टीवी तो चल ही रहा है, देखो!'

सुबू टीवी की ओर देखती है, फिर पापा की ओर। उसे कुछ समझ में नहीं आता है। तब पापा उसे समझाते हैं, 'टीवी तो चल ही रहा है, साउंड नहीं आ रहा है। बोलो- साउंड दो!'

धीरे-धीरे सुबू, 'साउंड दो' बोलना सीख गई। जब पापा टीवी की आवाज बंद कर देते हैं, तब वह कहती है, 'साउंड दो!'

सुबू को कहानी सुनने में भी खूब मन लगता है। रात को सोने से पहले पापा की गोद में चढ़कर वह मांग कर ही देती है, 'स्टोटी!' (स्टोरी) पापा रोज उसे स्टोरी सुनाते हैं। कभी-कभी तो खाना खाने के बाद जब वह मम्मी के पास रहने की जिद करती है और मम्मी को अपना काम पूरा करने में दिक्कत होती है, तब पापा बेड पर बैठकर बोलना शुरू कर देते हैं, 'एक समय की बात है...।' बस सुबू मम्मी का पीछा छोड़कर भागती हुई आती है और पापा की गोद में यह सोचकर चढ़ जाती है कि कहीं 'स्टोटी' खत्म न हो जाए! स्टोरी सुनते हुए उसकी खुशी की कोई सीमा नहीं रहती।

एक दिन पापा बहुत थके हुए थे। उनको कहानी सुनाने का बिल्कुल मन नहीं था। लेकिन सुबू कहां मानने वाली थी? वह पापा की गोद में सवार हो गई, 'स्टोटी!'

अब पापा क्या करते? उनको बोलने का बिल्कुल मन नहीं कर रहा था। बस उन्होंने बिना बोले, अपने होंठ हिलाने शुरू कर दिए। उन्होंने सोचा था कि इससे उनका काम चल जाएगा। सुबू को लगेगा कि पापा स्टोरी सुना रहे हैं। लेकिन सुबू को पापा के होंठ पटपटाने से संतोष नहीं हो रहा था। उसे यह भी पता चल गया था कि पापा क्या गड़बड़ कर रहे हैं?

थोड़ी ही देर में वह बोल पड़ी, 'साउंड दो न?' सुबू की बात सुनकर पापा ठठाकर हंस पड़े। अपनी थकान भूल वे साउंड देकर स्टोरी सुनाने लगे, 'एक समय की बात है। एक जंगल में एक शेर रहता था। उसके पास एक आईना था। वह उसमें हमेशा अपना मुंह देखा करता था। रात हुई। वह खाना खाकर आया। आईने में मुंह देखा, कंघी से अपने बाल संवारे और सो गया! अब सुबू भी सो जाएगी।' सुबू खुशी-खुशी पापा की गोद में ही सो गई। *

---


कविता / शादाब आलम

# पेड़े फलते पेड़ों पर

सोच रहा हूं कहीं अगर
पेड़े फलते पेड़ों पर।
पेड़े की बगिया मैं जाता
तोड़-तोड़ कर पेड़े खाता
डाल पकड़ता और हिलाता
पेड़े झरते झर-झर-झर।
नहीं चींटियां घर में टिकतीं
पेड़े के पेड़ों पर दिखतीं
मजा नहीं आता खाने में
तब उनको मिसरी-शक्कर।
फिर पेड़े ठेले पर दिखते
नहीं दुकानों पर ये बिकते
लोग खरीदा करते इसको
ले जाते झोला भर-भर।
पेड़े वाले रामदुलारे
जाने क्या करते बेचारे
नहीं बनाते वे पेड़े तो
कैसे चलता उनका घर?



## हंसगुल्ले



टीचरः तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
रोहनः सर, यही कि वे सब अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-संजना, रायपुर

डॉक्टरः तुम घबरा क्यों रहे हो? अब तो तुम खतरे से बाहर हो।
राजेशः डॉक्टर साहब, जिस ट्रक से मैं टकराया था, उसके पीछे लिखा था- 'फिर मिलेंगे।'
-रोहित, बिलासपुर

मम्मीः रिंकू, तुमने दूध वाले का बिल देखा है?
रिंकूः मम्मी, क्या दूध वाले अंकल भी बिल में रहते हैं?
-नेहा, दुर्ग

## जीके क्विज-223



1. जापान में होने वाले 20वें एशियाई खेल 2026 के आधिकारिक शुभंकर का क्या नाम है?
2. विश्व पर्यटन दिवस कब मनाया जाता है?
3. जॉर्जिया मेलोनी ने किस देश में सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री बने रहने का रिकॉर्ड बनाया है?
4. हाल में किस राज्य में देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन वाली ट्रेन चलाई गई?
5. सम्राट अशोक किस ऐतिहासिक वंश का प्रसिद्ध शासक था?
6. अगला ब्रिक्स समिट किस देश में आयोजित किया जाएगा?
7. मानव शरीर में कौन-सा अंग रक्त को पंप करता है?
8. मध्य प्रदेश का उच्च न्यायालय किस शहर में स्थित है?
9. वायुमंडल में सबसे अधिक मात्रा में कौन-सी गैस पाई जाती है?
10. भारत के वर्तमान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कौन हैं?



**बच्चो, जीके क्विज-223 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।**

**जीके क्विज-222 का उत्तर :** 1. जोहेरी मोला, 2. दिल्ली, 3. जापान, 4. दिल्ली, 5. स्मृति मंधाना, 6. 14 सितंबर, 7. भारत के मुख्य न्यायाधीश, 8. कालिदास, 9. राजस्थान, 10. एंपियर

**जीके क्विज-222 का सही उत्तर देने वाले :** अभय-बिलासपुर, अक्षित, झज्जर, सूर्य प्रताप-धमतरी, कबीर-हिसार, अंशिका-रायपुर, पूरब-बलौदा बाजार, हर्ष-रोहतक, प्रिया-धमतरी, कशिश-रायगढ़, ज्योति-दुर्ग, सचिन-रोहतक, दिशा-दुर्ग

---



कहानी
पुष्पा अंताणी

नन्ही धरा को जब पता चला कि सुनहरी मछली के शरीर के पिछले हिस्से में चोट लगने से काफी दर्द हो रहा है, तो उसने मछली को दर्द वाला तेल लगाकर मालिश करके, उसकी तकलीफ दूर करनी चाही। लेकिन सुनहरी मछली को पानी से निकालकर मालिश करना आसान ना था। तो क्या धरा उसकी तकलीफ दूर कर सकी?

# नन्ही धरा



नन्ही धरा के घर के सामने एक छोटा-सा तालाब था। यह तालाब आस-पास रहने वाले सभी बच्चों को बहुत पसंद था। उसके चारों ओर खुली जगह थी। वहां बच्चे खेला करते थे। बच्चे अच्छी तरह खेल सकें, इसके लिए लोगों ने वहां रेत डलवा दी थी। तालाब बहुत सुंदर और स्वच्छ था। बच्चे भी वहां सफाई का ध्यान रखते थे। तालाब गहरा भी नहीं था, इसलिए उसमें बच्चों के डूबने का डर नहीं था। इसी वजह से माता-पिता अपने बच्चों को बिना किसी चिंता के वहां खेलने जाने देते थे। धरा भी हर रोज यहां खेलने आती और दोस्तों के साथ मजे करती थी। आज धरा खेलने आई, तब उसके दोस्त अभी तक नहीं आए थे। वह तालाब के पास गई। उसने पानी में एक बहुत ही सुंदर सुनहरी मछली देखी। मछली रो रही थी। उसकी दो सहेली मछलियों ने उसे पकड़ रखा था। धरा ने उससे पूछा, 'तुम रो क्यों रही हो?'

जवाब उसकी एक सहेली ने दिया, 'यह बहुत शरारती है। इसे छलांगें लगाने का बहुत शौक है।'

सुनहरी मछली ने भी बताया, 'आज छलांग लगाते समय मैं पानी में बड़े पत्थर से टकरा गई। मेरे शरीर के पिछले हिस्से में बहुत चोट लगी है। मेरी पूंछ मुड़ गई है। मुझे वहां बहुत दर्द हो रहा है।' इतना कहकर वह फिर से रोने लगी।

सुनहरी मछली की बात सुनकर धरा को अपनी दादी याद आई। उसने मछली से कहा, 'मेरी दादी के पैर में जब मोच आ जाती है या दर्द होता है, तब वह पार्वती आंटी को बुलाती हैं। आंटी तेल से उनकी मालिश कर देती हैं। दादी का दर्द धीरे-धीरे अच्छा हो जाता है। तुम भी तेल की मालिश करवा लो, तुम्हें भी अच्छा लगेगा।' मछली रुआंसी आवाज में बोली, 'पर मेरे पास तेल कहां है? और मेरी मालिश कौन करेगा?'

धरा बोली, 'हां, यह बात तो सही है।' फिर थोड़ा सोचकर बोली, 'रुको, मैं अपने घर से मालिश का तेल लेकर आती हूं। मैंने पार्वती आंटी को दादी की मालिश करते हुए देखा है। मैं तुम्हें मालिश कर दूंगी। मेरा घर यहीं पास में ही है। मैं अभी तेल लेकर आती हूं। तुम यहीं रुकना।' धरा दौड़ती हुई घर गई और दादी की मालिश वाले तेल की शीशी ले आई। तीनों मछलियां उसका इंतजार कर रही थीं। वापस आकर धरा ने सुनहरी मछली से कहा, 'अब तुम बाहर आ जाओ तो मैं तुम्हारी मालिश कर दूंगी।'

मछली बोली, 'मैं बाहर कैसे आऊं? पानी के बिना तो मैं जी नहीं सकती न!'

धरा को याद आया, वह बोली, 'हां, यह बात तो मैं भूल ही गई।'

थोड़ी देर सोचने के बाद उसे एक उपाय सूझा। वह आस-पास पड़े पत्थरों में से अपने काम का पत्थर खोजने लगी। एक वैसा ही पत्थर उसे मिल गया। उसने पत्थर का आधा हिस्सा पानी की सतह के अंदर रखा और आधा बाहर रखा। फिर उसने सुनहरी मछली से कहा, 'अब तुम अपना मुंह और आधा शरीर पानी के अंदर रखो और अपनी पूंछ इस पत्थर के सहारे बाहर रखो। ताकि मैं उस पर मालिश कर सकूं।'

सुनहरी मछली ने वैसा ही किया। उसने आधा शरीर पानी के अंदर और आधा पत्थर के सहारे बाहर रखा। धरा ने शीशी से थोड़ा तेल अपनी नन्ही हथेली में लिया। जैसे ही उसने मालिश करने के लिए मछली की पूंछ को छुआ, मछली दर्द से चीख उठी।

धरा ने प्यार से ढांढस बंधाया, 'शुरू में थोड़ा दर्द होगा, सह लो। फिर धीरे-धीरे अच्छा लगेगा।'

धरा अपनी तेल वाली कोमल अंगुलियों को मछली की पूंछ पर धीरे-धीरे फेरने लगी। मछली को सचमुच आराम मिलने लगा। थोड़ी ही देर में उसका दर्द पूरी तरह गायब हो गया। मछली बहुत खुश हो गई। वह हंसते हुए बोली, 'मैं ठीक हो गई! मैं ठीक हो गई! मुझे बहुत अच्छा लग रहा है!' उसकी दोनों सहेली मछलियां भी बहुत खुश हुईं। तीनों मछलियों ने धरा के प्रति आभार प्रकट किया।

धरा ने सुनहरी मछली से कहा, 'अब से शरारत मत करना और जहां-तहां छलांगें मत लगाना।'

सुनहरी मछली ने वादा किया, 'अब से मैं ऐसा कभी नहीं करूंगी।' फिर अचानक बोली, 'धरा रुकना, मैं अभी आती हूं।' इतना कहकर वह पानी में चली गई। जब वह वापस आई, उसके मुंह में एक बहुत ही सुंदर कमल का फूल था। उसने वह फूल धरा को दिया और बोली, 'लो, यह मेरी तरफ से तुम्हारे लिए उपहार। और सुनो, तुम हमसे मिलने आती रहना।'

धरा हंसते हुए बोली, 'हां, अब तो हम दोस्त बन गए हैं। मैं तुमसे मिलने जरूर आऊंगी।'

इतना सुंदर कमल का फूल पाकर धरा खुशी से झूमती हुई अपने घर चली गई। तीनों मछलियां भी खुशी-खुशी तालाब में सरक गईं। *

---

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# हंसाती-सीख देती रोचक कहानियां

बच्चो, झूला झूलने में बहुत मजा आता है, है न! जरा सोचो अगर तुमको किसी ऐसे झूले पर झूलने का मौका मिले, जो हंसने पर और जोर से झूलता हो, हवाई जहाज के सफर का एहसास कराता हो तो कितना मजा आएगा! कुछ समय पहले डॉ. विमला भंडारी की लिखी ग्यारह बाल कहानियों की किताब 'हंसने वाला झूला' छपकर आई है। इसकी शीर्षक कहानी में तुम पढ़ोगे कि पिंकी और उसका भाई चीकू अपने गांव में हंसने वाले झूले पर कितनी मस्ती करते हैं। वे ही नहीं गांव के बड़े-बूढ़े भी उस झूले का आनंद लेते हैं। किताब की एक कहानी 'बालकनी वाले वैज्ञानिक' में तुम आयुष्मान, रिया और शत्रुघ्न की साइंटिफिक शैतानी के बारे में पढ़ोगे। इसमें तीनों बच्चे किस तरह फ्लैट की बालकनी में लगे झूमर पर टोकरी बांधकर काल्पनिक अंतरिक्ष यात्रा करते हैं, यह पढ़कर तुम हंसे बिना नहीं रह पाओगे। साल दर साल गर्मी किस तरह हम सभी को बेचैन करती जा रही है और इसका क्या समाधान हो सकता है, इस विषय पर जागरूक करती एक कहानी है 'उफ्फ! ये गरमी'। किताब में एक प्यारी सी कहानी 'सुंदरी की नाव' भी तुम पढ़ोगे। इसमें नन्ही बच्ची सुंदरी को खुश करने के लिए बूढ़े हरनाम अंकल कैसी युक्ति लगाते हैं, यह पढ़कर तुम भी दूसरों की मदद करने के लिए जरूर प्रेरित होगे। 'बिरजू भैया का कुआं' कहानी भी यही संदेश देती है कि दूसरों की सुख-सुविधा के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। यह कहानी तुम्हें गुदगुदाएगी भी। किताब की शेष कहानियां भी मनोरंजन के साथ कोई न कोई अच्छा संदेश भी देती हैं। *



**किताब :** हंसने वाला झूला (बाल-कथा संग्रह), **लेखिका :** डॉ. विमला भंडारी, **मूल्य :** 350 रुपए, **प्रकाशक :** इंडिया नेटबुक्स प्रा. लि., नोएडा

---

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फॉरेस्ट पार्क में मस्ती कर रहे एनिमल्स और बर्ड्स के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर है। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1. बंदर के पास पेड़ की डाल से केले लटक रहे हैं। 2. शेर के हाथ में पत्ता रखा है। 3. हाथी की अपनी सूंड़ में स्टारफिश पकड़ा हुआ है। 4. स्लाइड का रंग बदला हुआ है। 5. ऊपर आकाश में एक पक्षी उड़ रहा है।

## मिलान करो

बच्चो, यहां बाईं तरफ बर्ड और एनिमल्स के चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ उन चित्रों की परछाइयां दी गई हैं, जो क्रम में नहीं हैं। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से चित्र और परछाई का सही मिलान करो।




उत्तर: 1-E, 2-D, 3-A, 4-B, 5-C